डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-8

# आधुनिक समाचार

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



PG-8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक


सिनेमाः-अपनी शायरी ट्विटर पर शेयर करने पर शायराना अंदाज में ट्रोल हुए आयुष्मान, दिया ये जवाब

वर्ष -08 अंक -282 | प्रयागराज, गुरुवार, 02, फरवरी, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन को फाइटर जेट देने पर एकमत नहीं पश्चिमी सहयोगा

**कीव।** यूक्रेन के रक्षा मंत्री को उम्मीद है कि मंगलवार को पेरिस में उनकी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात होगी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की तरफ से एफ-16 फाइटर जेट दिए जाने से इनकार करने के बाद रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं। रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव के सलाहकार ने कहा है कि यूक्रेन ने पिछले सप्ताह मुख्य युद्धक



टैंकों की आपूर्ति हासिल की थी। अब उसने एफ-16 जैसे पश्चिमी चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को हासिल करने की योजना बनाई है। व्हाइट हाउस में सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति से ये पूछा गया था कि क्या अमेरिका यूक्रेन को एफ16 मुहैया कराएगा।

### हम सभी के लिए मायने रखता है यूक्रेन में युद्ध-जेन्स

**टोक्यो।** दक्षिण कोरिया के बाद नाटो प्रमुख जेन्स स्टोलटेनबर्ग जापान पहुंच गए हैं। यहां उन्होंने कहा है कि यूक्रेन पर रूस का आक्रमण वैश्विक खतरों को बढ़ाता है। साथ ही ये दिखाता है कि लोकतंत्रों को मजबूत साझेदारी की आवश्यकता है। स्टोलटेनबर्ग ने टोक्यो में इरुमा एयर बेस पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि यूक्रेन में युद्ध दर्शाता है कि हमारी सुरक्षा आपस में घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जीतते हैं तो ये यूक्रेन के लोगों के लिए एक त्रासदी होगी। लेकिन ये दुनिया भर के नेताओं को एक बहुत खतरनाक संदेश भी भेजेगा। इससे साबित होगा कि कोई भी देश सैन्य बल का उपयोग करके अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है। इसलिए यूक्रेन में युद्ध हम सभी के लिए मायने रखता है। स्टोलटेनबर्ग ने ये भी कहा कि उनकी ये यात्रा नाटो और जापान के बीच साझेदारी को और मजबूत करेगी।

## अनाकापल्ली जिले के जीएमएफसी लैब में जोरदार विस्फोट, आसमान में छाया धुएं का गुबार



**(आधुनिक सामाचार सेवा)**
**आंध्र प्रदेश।** अनाकापल्ली जिले में जीएमएफसी लैब प्राइवेट लिमिटेड में एक रिएक्टर में विस्फोट हो गया। आनन-फानन में दमकल की तीन गाडियां मौके पर भेजी गईं। बता दें कि आग पर अब काबू पा लिया गया है। अनाकापल्ली जिला अग्निशमन अधिकारी लक्ष्मण स्वामी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा उपाय को देखते हुए, आस-पास के कारखानों को बंद कर दिया गया है।

## पीएम मोदी ने युएनजीए के अध्यक्ष साबा कोरोसी से की मुलाकात


**(आधुनिक सामाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष साबा कोरोसी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने जल संसाधनों के संरक्षण और अनुकूलन के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने ट्वीट कर यह और जी-20 एजेंडे पर चर्चा की। जयशंकर ने ट्वीट किया, "महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी का स्वागत किया, ज्वार-बाजरे के भोजन के लिए उनकी मेजबानी की। वैश्विक चुनौतियों, संयुक्त राष्ट्र सुधार, यूक्रेन संघर्ष और जी-20 एजेंडे पर चर्चा की। उन्हें



जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वैश्विक जल संसाधनों के संरक्षण और अनुकूलन के महत्व पर महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी से चर्चा हुई। उन्होंने कहा, ठभारत की पहली यात्रा पर आए कोरोसी का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। हमने संयुक्त राष्ट्र सहित बहुपक्षवाद के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। हमने वैश्विक जल संसाधनों के संरक्षण और अनुकूलन के महत्व पर चर्चा की। भारत में जी-20 के लिए उनके समर्थन का स्वागत किया। कोरोसी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात की और मौजूदा वैश्विक चुनौतियों पर बातचीत की। कोरोसी से मुलाकात के बाद जयशंकर ने कहा कि उन्होंने वैश्विक चुनौतियों, संयुक्त राष्ट्र सुधार, यूक्रेन संघर्ष विकासात्मक प्रगति और बहुपक्षवाद में सुधार के लिए भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।" संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी ने कहा कि सुरक्षा परिषद के एक स्थायी सदस्य ने यूक्रेन पर हमला किया और सुरक्षा परिषद स्थिति से निपटने में नाकाम रही। इससे स्पष्ट होता है कि यह वैश्विक निकाय बेकार हो गया है। राजनयिकों और रणनीतिक विशेषज्ञों के एक समूह को संबोधित करते हुए कोरोसी ने कहा कि सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत है, ताकि यह वैश्विक शक्तियों के बदलते संतुलन को परिलक्षित कर सके और विभिन्न देशों में वित्तीय संकट का मुकाबला कर सके।

## बेनामी कानून पर खुली अदालत में हो बहस, केंद्र की याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार

**(आधुनिक सामाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बेनामी कानून पर फैसले की समीक्षा के लिए केंद्र की याचिका पर विचार करने के लिए सहमत है। केंद्र सरकार ने बेनामी संपत्ति पर कानून के कई प्रावधानों को रद करने के फैसले की खुली अदालत में समीक्षा की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट (एल्जिस ण्दट्ट्र) का दरवाजा खटखटाया था। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 23 अगस्त को बेनामी कानून के कुछ प्रावधानों को रद कर दिया था। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ से आग्रह किया कि इस मुद्दे के महत्व को ध्यान में रखते हुए समीक्षा याचिका पर खुली अदालत में सुनवाई की जाए। उन्होंने कहा कि ये एक असामान्य अनुरोध है। हम समीक्षा की खुली अदालत में सुनवाई चाहते हैं। इस फैसले के कारण बहुत सारे आदेश पारित किए जा रहे हैं जबकि बेनामी अधिनियम के कुछ प्रावधानों को चुनौती भी नहीं दी गई थी। सीजेआई ने कहा, 'हम इस पर विचार करेंगे। रद किए गए प्रावधानों में से एक में 'बेनामी' लेनदेन में शामिल लोगों के लिए अधिकतम तीन साल की जेल या जुर्माना या दोनों की सजा का प्रावधान है। शीर्ष



अदालत ने प्रावधान को ठस्पष्ट रूप से मनमानाठ होने के आधार पर ठअसंवैधानिकठ करार दिया था। केंद्र सरकार ने वर्ष 2016 में एक कानून बनाकर बेनामी संपत्ति को अपराध घोषित किया था। साथ ही धारा 3(2) में प्रावधान किया था कि इसमें सजा हो सकती है। अपनी संपत्ति को छिपाने के लिए जब कोई शख्स दूसरे के नाम से संपत्ति खरीदता है तो इसे बेनामी संपत्ति कहते हैं। कहने को तो नाम दूसरे का होता है लेकिन असल में संपत्ति पर उसी का अधिकार होता जिसने खरीदी होती है। आमतौर पर ऐसी संपत्ति काले धन या आमदनी के ज्ञात स्रोतों के बाहर से खरीदी जाती है। अगर खरीदने वाले ने अपने धन से पत्नी, बेटे, अन्य परिवार के लोगों या करीबी के नाम से संपत्ति खरीदी हो तो भी ये बेनामी संपत्ति कही जाएगी। बेनामी संपत्ति खरीदने वाला व्यक्ति कानूनी मिल्कियत अपने नाम नहीं रखता, लेकिन सम्पत्ति पर किसी ना किसी तरह कब्जा जरूर रखता है भारत में बढ़ते काले धन की समस्या से निजात पाने के लिए मोदी सरकार ने नवंबर 2016 में नोटबंदी लागू की। इसी दिशा में सरकार ने एक कदम और आगे बढ़ाकर बेनामी सपत्ति कानून, 1988 में परिवर्तन किया। वर्ष 2016 में इसमें संशोधन हुआ। संशोधित कानून एक नवंबर, 2016 से लागू हो गया। संशोधित बिल में ही बेनामी संपत्तियों को जब्त करने और उन्हें सील करने का अधिकार है। ये कानून केंद्र सरकार को बेनामी संपत्ति जब्त करने का अधिकार देता है।

## खराब व्यवस्थाओं पर भड़कीं नेता खुशबू सुंदर

**(आधुनिक सामाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से एयर इंडिया को विवादों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच एयर इंडिया को लेकर एक और विवाद सामने आया है। बीजेपी नेता खुशबू सुंदर ने ट्वीट कर एयर इंडिया की





व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए हैं। खुशबू सुंदर ने कहा कि एयर इंडिया की खराब व्यवस्थाओं के चलते एक चोट लगे यात्री को करीब 30 मिनट तक व्हीलचेयर के लिए इंतजार करना पड़ा। खुशबू सुंदर ने एयर इंडिया की व्यवस्थाओं पर उठाए सवाल खुशबू सुंदर ने ट्वीट कर लिखा कि प्रिय एयर इंडिया आपके पास चोट लगे एक यात्री को ले जाने के लिए बुनियादी व्हीलचेयर भी नहीं है। चेन्नई एयरपोर्ट पर करीब 30 मिनट तक यात्री को ले जाने के लिए इंतजार करना पड़ा। इससे पहले एयरलाइन के कर्मचारियों ने किसी अन्य एयरलाइन से व्हीलचेयर की व्यवस्था की। मुझे यकीन है कि आप बेहतर कर सकते हैं।वहीं, खुशबू सुंदर के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए एयर इंडिया ने माफी मांगी। एयर इंडिया ने कहा कि प्रिय मैम, हमारे साथ आपके अनुभव के बारे में जानकर हमें अत्यंत खेद हुआ। हम अपनी चेन्नई एयरपोर्ट टीम के साथ इस बारे में बात कर रहे हैं। इससे पहले नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (उ३र्ण) ने 6 दिसंबर 2023 की घटना को लेकर एयर इंडिया पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। एयर इंडिया द्वारा नियमों का उल्लंघन करने के लिए ये जुर्माना लगाया गया था। बता दें कि एयर इंडिया की पेरिस-दिल्ली उड़ान में एक पुरुष यात्री ने शराब के नशे में यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार किया था। इसकी सूचना न देने पर ने ये कार्रवाई की थी।

## पांच साल बाद देखी गई जनवरी की बारिश में कमी

**(आधुनिक सामाचार सेवा)**
**पुणे।** भारत में पांच साल के बाद जनवरी के महीने में बारिश की कमी देखी गई है। मौसम विभाग ने



बताया है कि जनवरी की बारिश पांच साल के निचले स्तर 12.4 मिमी पर पहुंच गई है। इस महीने में फिलहाल 25 प्रतिशत वर्षा की कमी चल रही है। वहीं, 31 जनवरी तक भी इस कमी को पूरा करने की कोई संभावना नहीं है। आईएमडी के आंकड़े बताते हैं कि पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश की कमी आई है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की गतिविधि के कारण पश्चिम और उत्तर-पश्चिम भारत के इलाकों में जनवरी की बारिश आज की तारीख में सामान्य से अधिक रही है। वहीं इसकी कमजोर गतिविधि की वजह से पिछले साल दिसंबर में भी पूरे भारत में सर्दियों की बारिश सामान्य से कम रही। पिछले पश्चिमी विक्षोभ के कारण केवल पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और पंजाब व हरियाणा के उत्तरी हिस्सों में ही वर्षा हुई। महापात्र ने कहा कि बारिश मंगलवार तक जारी रहने की संभावना है। उसके बाद इसमें कमी आएगी और महीने के अंत तक भी बारिश की कमी पूरी नहीं हो पाएगी। बारिश की कमी का असर सर्दियों की फसलों पर पड़ सकता है। इससे पहले, दिसंबर 2022 में भी 13.6 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। ये दिसंबर 2016 के बाद सबसे कम मासिक मात्रा थी। आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में वैज्ञानिक राजबीर यादव ने मीडिया को बताया कि भारत में गेहूं के अधिकांश क्षेत्र सिंचित हैं। मध्यम बारिश ठंड की अवधि को बढ़ाएगी, जो गेहूं की फसल के उत्पादन के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि समय पर और हल्की सर्दियों की बारिश गेहूं के उत्पादन पर सिंचाई की लागत को काफी हद तक बचाएगी। ये उन किसानों के लिए विशेष रूप से सहायक है, जिनके पास सिंचाई की सुविधा कम है। यादव ने बताया कि बारिश के पानी में नाइट्रेट भी होता है, जो फसल के विकास के लिए फायदेमंद होता है। बता दें कि अक्सर सर्दियों में फसलों पर पाले का प्रकोप बढ़ जाता है। यादव ने कहा कि बारिश की कमी और अत्यधिक ठंड के कारण कुछ दिनों पहले सरसों की कुछ फसलों में पाला देखने को मिला था। इससे खासकर राजस्थान और हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में कुछ हद तक नुकसान हुआ है। आलू की फसल भी पत्ती झुलसने से प्रभावित हुई है, जो मुख्य रूप से ठंड के कारण होती है।

## कोरोना की चुनौतियों से उबरी अर्थव्यवस्था

**(आधुनिक सामाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2022-23 का आर्थिक सर्वेक्षण सदन में पेश कर दिया है। सर्वे में कहा गया है




कि चालू वित्त वर्ष में 7 प्रतिशत की तुलना में 2023-24 में भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। 2021-22 में अर्थव्यवस्था 8.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। सर्वे के मुताबिक, भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आर्थिक सर्वेक्षण बजट से एक दिन पहले हर साल सरकार द्वारा जारी किया जाता है। ये आर्थिक सर्वेक्षण ऐसे समय पर आया है, जब देश महंगाई और वैश्विक अस्थिरता की वजह से आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में इस बार का आर्थिक सर्वेक्षण काफी महत्वपूर्ण है।आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि पीपीपी (क्रय शक्ति समानता) के मामले में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। विनिमय दर के मामले में पांचवां सबसे बड़ा देश है। भारतीय अर्थव्यवस्था में लगातार सुधार देखा जा रहा है और कोरोना काल में जो नुकसान हुआ था, काफी हद तक उसकी भरपाई कर ली गई है। जो विकास के काम रुके हुए थे, उन्हें फिर से शुरू कर दिया है। वहीं, यूएस के केंद्रीय बैंक फेड द्वारा ब्याज दरों में और बढ़ोतरी की संभावना के साथ रुपये के गिरने की चुनौती बनी हुई है। महामारी से भारत की रिकवरी अपेक्षाकृत जल्दी हुई है और इससे घरेलू मांग से समर्थन मिलेगा।वहीं, पूंजी निवेश में सहारा मिलेगा। हालांकि, चालू खाता घाटा बढ़ना जारी रह सकता है क्योंकि वैश्विक कीमतें ऊंची बनी हुई हैं और इससे रुपये पर दबाव आ सकता है। आर्थिक सर्वेक्षण में आरबीआई ने अनुमान जताया है कि चालू वित्त वर्ष में महंगाई की दर 6.8 प्रतिशत का मांग पर कोई असर नहीं होगा।

## 'मैं तुम्हारे दांत तोड़ दूंगा', मंदिर परिसर में दलित युवक घुसा तो भड़क उठे एमडीके नेता, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**(आधुनिक सामाचार सेवा)**
**तमिलनाड।** सलेम कंठमपट्टी में एक गांव के मंदिर में प्रवेश करने पर





एक दलित व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार करने वाले डीएमके पदाधिकारी टी मनिक्कम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सलेम पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नेता पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिनियम के खिलाफ अत्याचार निवारण के तहत मामला दर्ज किया गया 19 जनवरी को तमिलनाडु के सलेम में डीएमके के नेता ने एक दलित युवक के साथ सरेआम गाली-गलौच की। दलित युवक की बस गलती ये थी कि वह मंदिर परिसर में घुस गया था। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी काफी तेजी से वायरल हुआ। दलित युवक वानियार समुदाय का है और जिस मंदिर में उसने प्रवेश किया था वो हिंदू रिलिजीयस एंड चैरिटेबल एनटाउमेंट्स डिपार्टमेंट के तहत आता है। वायरल हो रहे वीडियो में नेता मनिक्कम दलित युवक को गंदी गालियां देते नजर आ रहे है वायरल हो रहे वीडियो में नेता दलित युवक से बार-बार सवाल कर रहे हैं कि वह मंदिर परिसर में क्यों घुसा मनिक्कम कहते हुए नजर आ रहे हैं कि मंदिर में जाने की अनुमति तुम्हें किसने दी मैं तुम्हारे दांत तोड़ दूंगा। तुम्हें और तुम्हारे पिता दोनों के दांत तोड़ दूंगा। तुम खुद को स्मार्ट समझते हो किसने तुम्हें मंदिर के भीतर जाने को कहा इस मामले को हुए कई दिन बीत चुके हैं लेकिन वीडियो के वायरल होने के बाद मामला सामने आया। वीडियो के सामने आने के बाद डीएमके ने पार्टी की छवि खराब करने के तहत टी मनिक्कम को सस्पेंड कर दिया है। वहीं, इस मामले में मनिक्कम का कहना है कि दलित ने शराब पी रखी थी और इस वीडियो को गलत तरीके से पेश किया गया है।

## सीएम जगन मोहन रेड्डी का बड़ा एलान, विशाखापट्टनम होगी आंध्र प्रदेश की नई राजधानी

**(आधुनिक सामाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश की राजधानी को लेकर बड़ा एलान हुआ है। सीएम जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि विशाखापट्टनम आंध्र प्रदेश की नई राजधानी होगी। रेड्डी ने मंगलवार को दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय राजनयिक गठबंधन की बैठक में प्रदेश की नई राजधानी का एलान किया। जगन रेड्डी ने कहा, यहां मैं आपको विशाखापट्टनम में आमंत्रित करना चाहता हूं, जो आने वाले दिनों में हमारे प्रदेश की राजधानी होगी। मैं भी आने वाले कुछ महीनों में विशाखापट्टनम में शिफ्ट हो जाऊंगा।



## शीर्ष अदालत ने कहा- अदालत की भाषा में ली जानी चाहिए गवाही

**(आधुनिक सामाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म के आरोप से एक व्यक्ति को बरी करने के दौरान कहा कि शादी करने के वादे के हर उल्लंघन को झूठा वादा मानना और एक व्यक्ति पर धारा 376 के तहत दुष्कर्म के अपराध के लिए मुकदमा चलाना मूर्खता होगी। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि निचली अदालत ने पीड़िता के बयान को अंग्रेजी भाषा में दर्ज किया, हालांकि उसने अपनी स्थानीय भाषा में गवाही दी थी।



इसने इस बात पर जोर दिया कि गवाह के साक्ष्य को अदालत की भाषा में दर्ज किया जाना चाहिए जैसा कि धारा 277 सीआरपीसी के तहत आवश्यक है। जस्टिस अजय रस्तोगी और जस्टिस बेला एम.त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि सुनवाई के दौरान, यह ध्यान में लाया गया कि अभियोजन पक्ष का बयान ट्रायल कोर्ट द्वारा अंग्रेजी में दर्ज किया गया था, हालांकि उसने अपनी स्थानीय भाषा में गवाही दी थी। पीठ की ओर से निर्णय लिखने वाली जस्टिस त्रिवेदी ने कहा कि अदालत को अवगत कराया गया है कि कुछ निचली अदालतों में गवाहों के बयान उनकी भाषा में दर्ज नहीं किए जा रहे हैं और केवल अंग्रेजी में दर्ज किए जा रहे हैं। आरोपित को बरी करते हुए, पीठ ने कहा कि वादे के उल्लंघन के मामले में, इस संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता कि आरोपित ने पूरी गंभीरता के साथ उससे शादी करने का वादा किया होगा, और बाद में उसके द्वारा अप्रत्याशित कुछ परिस्थितियों या उसके नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है, जिसने उसे अपना वादा पूरा करने से रोक दिया। इस मामले में निचली अदालत ने आरोपित को 10 साल कैद की सजा सुनाने के साथ पीड़िता को पांच लाख रुपये मुआवजा देने का भी निर्देश दिया था।

# गंगा में गिरने से पहले साफ करेंगे सात बड़े नालों का पानी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** महाकुम्भ-2025 के पहले शहर के सात बड़े नालों का पानी साफ कर गंगा में गिराया जाएगा। शहर उत्तरी के सात बड़े नालों का प्रतिदिन नौ करोड़ लीटर पानी साफ करने के लिए राजापुर में एक और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा ने मेंहदौरी गांव के पास गंगा के कछार में ट्रीटमेंट प्लांट बनाने की स्वीकृति दे दी है। जल निगम ने नए प्लांट के लिए 470 करोड़ रुपये का प्रस्ताव एनएमसीजी को भेजा था। एनएमसीजी ने प्रस्ताव की प्रयागराज के ही तकनीकी शिक्षण संस्थान से जांच कराई। प्रस्ताव में सब फिट मिलने के बाद एनएमसीजी के डायरेक्टर जनरल ने एसटीपी निर्माण के लिए प्रशासनिक और 470 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वकृति दी। नए एसटीपी से जोड़े जाने वाले नालों का पानी का अभी बायोरेमेडियल विधि से साफ कर गंगा में बहाया जाता है। नालों का पानी बायोरेमेडियल विधि से साफ करने पर उच्च न्यायालय खुश नहीं है। जल निगम के परियोजना प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि नए निर्मा के बाद राजापुर में प्रतिदिन 15 करोड़ लीटर पानी साफ किया जाएगा।



# मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास को 'हिसाब किताब' मामले में हाईकोर्ट से मिला झटका चार्जशीट रद्द करने की मांग खारिज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** बाहुबली मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी को विधानसभा चुनाव के दौरान एक रैली में विवादित बयान देने के मामले में बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। इस बयान के बाद पुलिस ने कोर्ट में अब्बास के खिलाफ चार्जशीट फाइल की थी। अपने खिलाफ चल रही कार्यवाही के खिलाफ अब्बास ने हाई कोर्ट में अपील दाखिल की थी। अदालत ने याचिका को आज खारिज कर दिया है। दरअसल उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान अब्बास अंसारी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था। चुनाव के दौरान सदर विधायक अब्बास अंसारी ने मंच से कहा था कि अखिलेश से बात हो गई है की सरकार बन जाने पर जिले के सभी अधिकारियों को छह माह तक जिले में ही रोके रखिएगा, उनसे हिसाब किताब करना है। अब्बास के इस बयान को चुनाव आयोग ने संज्ञान में लेकर मुकदमा दर्ज कराया। एफआईआर के बाद पुलिस ने केस की विवेचना की और अब्बास के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दिया। इस चार्जशीट को अब्बास अंसारी की ओर से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। बुधवार को मामले पर सुनवाई करते हुए अदालत ने अब्बास की चार्जशीट को रद्द करने की अर्जी खारिज कर दी। ऐसे में मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे के खिलाफ कानूनी शिकंजा और कसने के आसार हैं।



# विद्यालय के आस पास पान बीड़ी,तंबाकू,शराब की दुकान पर होगी कार्यवाही-डॉ0 देवेन्द्र शर्मा

**(आधुनिक सामाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा0 देवेन्द्र शर्मा ने जिला चिकित्सालय में पीकू वार्ड एवं ब्लड बैंक का निरीक्षण किया एवं भर्ती मरीजों से सुविधा के बारे में गहन जानकारी ली। मरीजों द्वारा अवगत कराया गया कि सरकार द्वारा दी जा रही सुविधा प्राप्त हो रही है। उसके उपरान्त जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया।एनआरसी के निरीक्षण के दौरान डा0 अंकुर अनुपस्थित पाये गये, अध्यक्ष के बुलाने के बावजूद वह नही आये जिस पर अध्यक्ष ने डा0 अंकुर के एक दिन का वेतन काटने का निर्देश सीएमएस को दिया।उन्होंने प्राथमिक विद्यालय राजगढ़, आँगनबाड़ी केन्द्र राजगढ़, एवं विकास खण्ड शिवगढ़ के अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी विद्यालय तौकलपुर का निरीक्षण किया। विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों से एवं स्टाफ से अध्ययन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होने कस्तूरबा गांधी में अध्ययनरत छात्राओं के साथ भोजन किया एवं भोजन की गुणवत्ता को परखा। उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष विकास भवन सभागार में प्रदेश सरकार द्वारा बालक बालिकाओं के हित में चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र बालक बालिकाओं तक पहुँचाने के उद्देश्य से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा बालक बालिकाओं के कल्याण के उद्देश्य से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रही है उनका व्यापक प्रचार प्रसार करते हुये प्रत्येक पात्र बालक-बालिकाओं तक उनको पहुँचाने की कार्यवाही सुनिश्चत की जाय। उन्होने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि उनके द्वारा कन्या सुमंगला योजना योजना, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, रानी लक्ष्मी बाई योजना के पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाये। उन्होने जनपद में विधवा पेंशन के योजना के लाभार्थियों के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने तंबाकू अभियान से सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि उनके द्वारा "एक युद्ध नशे के विरूद्ध" अभियान चलाकर तंबाकू के सेवन से होने वाली हानियों को लोकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये और अधिक से अधिक लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाली हानियों के सम्बन्ध में जागरूक बनाया जाये तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि विद्यालय के आस पास कोई भी पान, बीड़ी, तंबाकू आदि की दुकान का संचालन न हो। उन्होने निर्देशित किया कि 18 साल से कम आयु के व्यक्तियों को शराब का विक्रय न किया जाय और आबकारी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाया जाये, इसके अतिरिकत मेडिकल शॉप पर भी उन्होने निर्देशित किया कि बालश्रम बिल्कुल बर्दास्त नही किया जायेगा तथा जनपद में बाल विवाह नहीं होना चाहिये, बाल विवाह समाज के लिये अभिशाप है। उन्होंने नशीली दवाओं का दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी को रोकने के लिये विद्यालयों में प्रहरी क्लब का गठन किये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया,भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, मेडिकल प्राचार्य डा0 सलिल श्रीवास्तव सहित समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत निकाली गई रैली , रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश नगर विकास विभाग की तरफ से चलाई गई प्रोग्राम शासन के सौजन्य से नगर पंचायत अझुवा मे आज स्वच्छ भारत मिशन के तहत निकाली गई रैली , रैली को हरी झंडी दिखाकर अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह व धीरज कुमार श्रीवास्तव रवाना किए , रैली हर गली मोहल्ले होते हुए निकाला गया। रैली का उद्देश्य है कि हर घर सफाई कर्मी जाकर कूड़ा एकत्रित करेंगे यह प्रोग्राम 1 फरवरी से 31 मार्च तक चलेगा सफाई कर्मी रोजाना सुबह 10:00 बजे तक घर घर जाकर कूड़ा उठाएंगे यह प्रोग्राम शासन के अनुसार 3 चरणों में चलेगा कूड़ा घर के बाहर फेंकने वालों के लिए हिदायत भी दी कूड़ा बाहर न फेके कूड़ा सफाई कर्मी को ही दे ,ऐसा नहीं करते हैं तो पहली बार सफाई कर्मी समझाएगा दूसरी बार थोड़ा सख्ती से हिदायत दी जाएगी नहीं मानने वालों को तीसरी बार उससे जुर्माना भी वसूला जाएगा। रैली का मुख्य उद्देश्य नगर वासीयो को इस मिशन के बारे मे जानकारी व जागरूक करना ही मुख्य उद्देश्य है। रैली मे मौजूद रहे साकेत चंद्र श्रीवास्तव कार्यालय लिपिक ,राजाराम आदि कर्मचारी मौजूद रहे।




# हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त थाना दारागंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त 01 अदद टूटा ईंट बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** थाना दारागंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 20/23 धारा 302 भा0दं0वि0 में अभियुक्त अभियुक्त मनीष कुमार यादव पुत्र स्व0 रोशन लाल यादव निवासी ग्राम माँ पुर थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को थाना दारागंज पुलिस द्वारा कुम्भ लो0नि0वि0 स्टोर नं0 04 परेड थाना क्षेत्र दारागंज से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही पर हत्या में प्रयुक्त ईंट टूटा हुआ घटनास्थल के पास से बरामद किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। विवरण पूछताछ अभियुक्त मनीष कुमार यादव पुत्र स्व0 रोशन लाल यादव निवासी ग्राम माँ पुर थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी उम्र 27 वर्ष ने पूछताछ में बताया कि मै सूरत में रहकर हवाली कपड़ा व धागा पीठ पर लाद कर दूसरे व तीसरे मंजिल में ले जाने का काम करता था वहीं पर मेरी मुलाकात सुनीता साकेत से हुई जिसका पति मर गया था । हम लोग वहीं पर साथ में रहते थे । हमारे साथ सुनीता की पुत्री दामिनी उर्फ राधा भी रहती थी । हम दोनों लोग शराब का सेवन करते थे । लगभग 10 दिन से माघ मेला में आये थे । दिनांक 29.01.2023 को मै तथा मेरे साथ रह रही सुनीता साकेत दोनों लोग शराब पिये थे तथा अण्डा खाकर काली सड़क से फ्लाई ओवर के बगल से जा रहे इसी दौरान मेरा सुनीता साकेत से विवाद होने लगा तो मैने सुनीता को मारा पीटा था । मै सुनीता को अन्य लोगो से बातचीत करने को रोकता था लेकिन वह नही मानती थी । नही मानने व विरोध करने के कारण मैने जान से मारने की नियत से पास में पड़ा हुआ टूटा ईंट से उसके सिर में दो-तीन बार मारा था । जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी थी । मै उसे उठाकर अस्पताल ले जा रहा था तभी मुझे पुलिस वालें आते दिखाई दिये तो मारने के स्थान से कुछ दूरी आगे चलकर मै उसे छोड़कर भाग गया । **गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता** मनीष कुमार यादव पुत्र स्व0 रोशन लाल यादव निवासी ग्राम माँ पुर थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी, उम्र 27 वर्ष । बरामदगी आलाकत्ल 01 अदद खूनालूद टूटा ईंट पंजीकृत अभियोग मु0अ0स0 20/2023 धारा 302 भा0दं0वि0, थाना दारागंज पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज ।



# थाना अतरसुइया पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 04 प्रतिबन्धित कछुए बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** थाना अतरसुइया पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 30.01.2023 को अभियुक्त फरहान पुत्र मसूक नि0 28 अकबरपुर पूरा मनोहरदास जी0टी0बी0 नगर थाना करैली जनपद प्रयागराज को मेगा एक्वेरियम एस0एस0 खन्ना चौराहा मीरापुर थाना क्षेत्र अतरसुइया से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 04 प्रतिबन्धित कछुए बरामद किए गये। उक्त बरामदगी/गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना अतरसुइया में मु0अ0सं0 09/2023 धारा 9/49/51 वन्य जीव संरक्षण अधि0 1972 पंजीकृत किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता** फरहान पुत्र मसूक नि0 28 अकबरपुर पूरा मनोहरदास जी0टी0बी0 नगर थाना करैली जनपद प्रयागराज, उम्र 20 वर्ष पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 09/2023 धारा 9/49/51 वन्य जीव संरक्षण अधि0 1972, थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज बरामदगी 04 प्रतिबन्धित कछुए **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम** 1. उ0नि0 नीरज सिंह कुशवाहा थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज । 2. उ0नि0 सचिन देव वर्मा थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज । 3. इन्द्रपाल, वन दरोगा शेक्शन अधिकारी जार्जटाउन प्रयाग रेंज प्रयागराज । 4. अशोक कुमार साहू, क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रयाग मिण्टो पार्क कीडगंज प्रयागराज ।




# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व मेलाधिकारी के द्वारा दामोदर ब्रह्मचारी आचार्य को पूर्व में पंडाल व आज कम्बल उपलब्ध कराए गए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** शार्ट सर्किट कि वजह से पंडित सुभाष कुमार पाण्डेय पता दामोदर ब्रह्मचारी (बोराबाबा) आचार्य वाड़ा अन्नपूर्णा मार्ग सेक्टर नंबर 4 मेला क्षेत्र प्रयागराज के पंडाल में आग लग जाने से आचार्य जी का पंडाल क्षतिग्रस्त हो गया था जिसमे आचार्य जी के रजाई कम्बल भी जल गये थे। मेला अधिकारी द्वारा पूर्व में ही आचार्य जी को पंडाल उपलब्ध करा दिया गया था दिनांक 31.01.2023 को रिजर्व पुलिस लाइन माघ मेला के मानसरोवर सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र मेलाधिकारी अरविंद चौहान के द्वारा पंडित सुभाष कुमार पाण्डेय दामोदर ब्रह्मचारी (बोराबाबा) आचार्य को उनके रजाई कम्बल जो शॉर्ट सर्किट की वजह से जल गए थे उनकी प्रतिपूर्ति करते हुए उनको कम्बल उपलब्ध कराए गए। दामोदर ब्रह्मचारी (बोरा बाबा) संस्थान की तरफ से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व मेला अधिकारी का आभार व्यक्त किया गया।



# मेले का लुत्फ उठाने पहुँचे श्रद्धालु, मेला पुलिस सजग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं/सैलानियों का बड़ी संख्या में आवागमन लगातार जारी रहा। हर चौराहे-तिराहे पर जनसमूह का रेला था। चारों तरफ भीड़ ही भीड़ थी मेले का लुत्फ उठाने के लिए जनसमूह ऐसे उमड़ा जैसे कोई स्नान पर्व हो। श्रद्धालुओं/सैलानियों को अपने वाहन के साथ मेला क्षेत्र का लुत्फ उठाने के लिए माघ मेला पुलिस प्रशासन द्वारा छूट दी गई थी, जिसके कारण संगम पार्किंग स्थल, महावीर पार्किंग स्थल, हेलीपैड पार्किंग स्थल खचाखच वाहनों से भरे हुए थे। चाहे लाल सड़क हो, काली सड़क, संगम मार्ग या महावीर मार्ग हर तरफ केवल जनसमूह दिखाई पड़ रहे थे। श्रद्धालुओं/सैलानियों के सुगम आवागमन हेतु व्यापक पुलिस प्रबन्ध किए गए। हर चौराहे-तिराहे पर समस्त थाना प्रभारी मय हमराह सघन चेकिंग अभियान करते नजर आए। भीड़ को देखते हुए सभी चौराहे-तिराहे पर पुलिस बल सतर्क दिखा।सभी थाना प्रभारी/अन्य शाखा प्रभारी, अधिकारियों के आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए तीन सवारी, अवैध पार्किंग, संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग करते दिखे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा-6 में प्रवेश आवेदन की तिथि बढी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
प्रतापगढ़। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य संत सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा-6 में प्रवेश परीक्षा सत्र 2023-24 हेतु आनलाइन आवेदन की तिथि 08 फरवरी 2023 तक बढ़ा दी गयी है, पहले यह तिथि 31 जनवरी 2023 तक निर्धारित थी। उन्होने बताया है कि वर्तमान सत्र में कक्षा 5 में अध्ययनरत छात्र/छात्रायें जिनका जन्म 01.05.2011 से 30.04.2013 के बीच जन्म हुआ हो (दोनो दिवस शामिल) के बीच हुआ हो आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा की तिथि 29 अप्रैल 2023 निर्धारित की गयी है। आवेदन करने एवं अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती हैं।





# बलिया मे सुदखोरो से आजिज फेसबुक पर लाइब होकर व्यापारी ने खुद को मारी गोली

## मृतक व्यवसायी ने न्याय की पीएम-सीएम से लगाई गुहार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बलिया।** उत्तर-प्रदेश के योगी सरकार भले ही वह अपने बुलडोजर के बूते यूपी मे गुंडे बदमाशो और भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई कर



उनके मंसूबे को तहस-नहस कर उसपर अपनी लगाम कंस लिए हो लेकिन अभी भी प्रदेश मे ब्याजखोरो का आतंक और बर्चस्व बराबर है।उनके आतंक और खौफ ऐसा बरकरार है कि उससे आजिज होकर व्यापारी सहित निरीह सूदखोरी के दलदल मेरे फंसे कर्जदार मौत को लगे लगाने को मजबूर है।ऐसे ही एक हृदय विदारक घटना उत्तर-प्रदेश के बलिया जिले मे देखने व सुनने को मिली है।जहा सुदखोरो के आतंक से आजिज बंदूक की दुकान का मालिक नन्द लाल गुप्त ने बुधवार को फेसबुक पर के माध्यम लाइव आकर अपनी कनपटी पर रिवाल्वर से गोली मार कर आत्महत्या कर ली है। असलहा व्यापारी की लाइव खुदकुशी देख लोगों में हड़कंप मच गया इस दौरान आत्महत्या से पूर्व नन्द लाल गुप्त सीएम योगी से अपील किया है कि सुदखोर लोगों ने उसका घर लिखवा लिया है। मूलधन से बहुत अधिक पैसा लेने के बाद भी धमका रहे है। सीएम योगी से नन्दलाल ने अपने परिवार की सहायता और सुरक्षा की मांग की है।अब देखना है बलिया पुलिस सुदखोरो के खिलाफ क्या कार्यवाही करती है। उत्तर-प्रदेश के बलिया से बुधवार दोपहर चौंका देने वाली घटना सामने आई। जिले के एक असलहा व्यापारी ने फेसबुक पर लाइव आकर खुद को गोली मार आत्महत्या कर ली। खुदकुशी करने से पहले उसने इसका कारण भी बताया।पीएम मोदी और सीएम योगी से न्याय की गुहार लगाई कि मेरे नही रहने पर परिवार का भरण-पोषण का ध्यान रखने के लिए फरियाद लगाई है घटना के बाद परिजनों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।सूचना पाकर एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी, सीओ सीटी जितेंद्र कुमार, कोतवाल राजीव सिंह अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। स्टेशन मालगोदाम रोड स्थित बलिया आर्म्स कॉरपोरेशन के मालिक नंद लाल गुप्ता बुधवार दोपहर फेसबुक पर लाइव आए। बताया जाता है कि मृतक व्यवसायी कुछ लोगों पर कर्ज वापस करने के बावजूद परेशान करने का आरोप लगाया है। पीएम मोदी और सीएम योगी से न्याय की गुहार लगाते हुए पिस्टल से कनपटी पर गोली मार ली। इस घटना की खबर लगते ही शहर में खलबली मच गई।देखते ही देखते लोगों का हुजूम दुकान अस्पताल पर जुट गया। घटना के बाद से व्यापारी की परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नंदलाल गुप्ता को जानने वाले लोग सकते मे हैं। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। बलिया का व्यापार मण्डल ने आर्म्स व्यापारी नंदलाल गुप्ता पुत्र विजय कुमार गुप्ता द्वारा सुदखोर द्वारा मानसिक प्रताड़ना होने पर आत्म-हत्या करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हृदय विदारक घटना है।इस दुःख की घड़ी में मृतक के परिवार के प्रति बलिया का व्यापार मंडल गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से कामना करते हैं कि इस दुःख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करें। व्यापार मंडल इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से फरियाद किया है कि मृतक के परिवार को राहत राशि देते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए ताकि ऐसी घटना का भविष्य में कोई पुनरावृति न हो।

# पूर्वोत्तर रेलवे के सेवा निवृत्ति अधिकारियो को महाप्रबन्धक ने गोल्ड मेडल से नवाजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ विशेष रूप से रेल प्रशासन सभी का आभारी है।इस अवसर पर



महाप्रबन्धक।चन्द्र वीर रमण ने मंगलवार को सभाकक्ष में आयोजित एक समारोह में 31 जनवरी,2023 को सेवा निवृत्त होने वाले मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण राजीव कुमार,उप मुख्य इंजीनियर प्लानिंग एण्ड डिजाइन, निर्माण संगठन सुरेष कुमार एवं अधिशासी अभियन्ता प्रमुख मुख्य इंजीनियर कार्यालय जगदेव प्रसाद को गोल्ड प्लेटेड मेडल, समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। महाप्रबन्धक ने सेवानिवृत्त अधिकारियों के स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की।समारोह में प्रमुख सभी अधिकारियों की तरफ से सेवानिवृत्त अधिकारियों को स्मृति चिन्ह से नवाजा गया। इस दौरान कार्मिक विभाग में आयोजित एक अन्य समारोह में 31जनवरी मंगल को सेवानिवृत्त होने वाले 27 अराजपत्रित रेलकर्मियों को कार्मिक विभाग के सभा कक्ष में मुख्य कार्मिक अधिकारी आईआर. अवधेष कुमार ने गोल्ड प्लेटेड मेडल, समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य कार्मिक अधिकारी आई.आर. अवधेष कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे सभी रेलकर्मियों ने अपने जीवन का अधिकांष समय रेलवे की सेवा में बिताया है। इस लिए कार्मिक एवं लेखा विभाग के अधिकारी, यूनियन के पदाधिकारी सेवानिवृत्त रेल कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे।लेखा विभाग में आयोजित अन्य समारोह में 31 जनवरी 2023 को सेवानिवृत्त होने वाले 2 लेखाकर्मियों को प्रधान वित्त सलाहकार श्रीमती प्रीति झा ने समापक राशि का प्रपत्र, सेवा प्रमाण-पत्र एवं गोल्ड प्लेटेड मेडल प्रदान किया।पंकज कुमार सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी व मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से इस आशय की जानकारी दी।

# अपहरण व दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त थाना फाफामऊ पुलिस द्वारा गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** थाना फाफामऊ में पंजीकृत मु0अ0सं0 386/2022 धारा 363/366ए/376/120बी/506 भा0दं0वि0 व 5/6 पॉक्सो एक्ट में वाँछित अभियुक्त संजीव शर्मा पुत्र रामाकान्त शर्मा निवासी महमदपुर दानपुर फरीदपुर कालन थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर को थाना फाफामऊ पुलिस द्वारा आज दिनांक 31.01.2023 को मुखबिर की सूचना पर फाफामऊ पुल के पास स्थित फलमण्डी थाना क्षेत्र फाफामऊ से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त-** संजीव शर्मा पुत्र रामाकान्त शर्मा निवासी महमदपुर दानपुर फरीदपुर कालन थाना इब्राहिमपुर जिला अम्बेडकरनगर, उम्र 32 वर्ष




**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-** 1. उ0नि0 विनय कुमार यादव थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज ।2. हे0का0 सुशील कुमार राय थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज । 3. का0 शैलेश कुमार थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज ।

# शहर की गरिमा और यहां के माघ मेला और कुंभ मेला से संबंधित मुख्य मार्गों

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** शहर की गरिमा और यहां के माघ मेला और कुंभ मेला से संबंधित मुख्य मार्गों साथ ही मेला एंट्री प्वाइंट के आसपास लगने वाले भयानक जाम से जनता को निजात दिलाने के लिए अधिकारी वर्क का नहीं अपितु सामान्य व्यक्ति का जो रोज जाम में फंसता है उसकी सलाह उसका ओपिनियन भी प्रशासनिक व्यवस्था को लेना चाहिए क्योंकि माघ मेला और कुंभ मेला क्षेत्र में प्रवेश द्वार शहर के अंदर से होकर गुजरता है जो बेहद सकरा है इन रास्तों पर राजनीतिक अतिक्रमण है जिसकी वजह से नगर निगम विकास प्राधिकरण लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग प्रबंधन के हाथ हथकड़ियों से जकड़े हुए हैं उन्हें मुक्त करने के लिए एक वृहद और सामान्य सोच को सामने लाना होगा ताकि सारा दोस्त यातायात पुलिस प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन पर ना डाला जा



सके पहल तब सार्थक होगी जब शहर में मेला प्रवेश द्वार को 80 से 100 फुट चौड़ा किया जा सके साथ ही सेना के कब्जे वाली जमीन का निवारण केंद्र स्तर से तत्कालिक रूप से करके वृहद मार योजना में समायोजित किया जाए अन्यथा प्रयागराज शहर के चौतरफा रहने वाली जनसंख्या का दबाव यहां की बूढ़ी बेदम जर्जर सकरी सड़कें झेल पाने में सक्षम नहीं रहेंगी वाहनों का बुरी तरह से सड़कों पर आना बड़ी संख्या में जाम उसने बता ही देता रह जाएगा और हम सिर्फ सीटी बजा कर ऑटोमेटिक सिग्नल के द्वारा केवल राजस्व लाभ के लिए चालान काट कर खुश होते रहेंगे जिससे आम जनमानस में रोष उत्पन्न होगा और होता आया है समस्या पर विचार से ज्यादा समाधान की आवश्यकता है प्रयागराज के मंडलायुक्त पुलिस कमिश्नर जिलाधिकारी नगर आयुक्त लोक निर्माण विभाग के सचिव ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी सभी मिलकर ब्लैक स्पॉट है ।

# राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर पहली बार वाराणसी आगमन पर शिवपाल सिंह यादव का जमकर हुआ स्वागत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**हरहुआ /वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बनने पर शिवपाल सिंह यादव का वाराणसी पहली बार आगमन पर सर्किट हाउस पर तमाम पार्टी के कार्यकर्ताओं संग लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव महेश यादव ने स्वागत किये। वहीं शिवपाल सिंह यादव ने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को सलाह दिए। उसके बाद उन्होंने सारनाथ एक शादी समारोह में सम्मिलित हुए।



# गोल्डेन कार्ड की खराब प्रगति पर प्रभारी चिकित्साधिकारियों पर जिलाधिकारी का पारा हुआ गर्म

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कल देर सायंकाल कलेक्ट्रट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक सम्पन्न हुई।इसमें जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को लापरवाही बरतने पर खरी खोटी सुनाई। जिलाधिकारी ने बैठक में स्वास्थ्य कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा करते हुये सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों व अन्य सम्बन्धित को निर्देश दिया गया कि प्रगति के आँकड़ों को पोर्टल पर समय से अंकित करें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय।आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड निर्माण की समीक्षा में पट्टी व लालगंज की प्रगति खराब पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी पट्टी एवं लालगंज को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त गोल्डेन कार्ड बनाने में बाबागंज, बाबा बेलखरनाथ धाम एवं कालाकांकर की प्रगति खराब पायी गयी जिस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी बाबागंज, बाबा बेलखरनाथधाम एवं कालाकांकर को सचेत किया गया कि प्रगति में सुधार लाये अन्यथा कार्यवाही की जायेगी। आरसीएच पोर्टल पर गौरा की फीडिंग खराबी पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी गौरा को फटकार लगाते हुये फीडिंग के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। कोविड वैक्शीनेशन के फीडिंग कार्य में बिहार की प्रगति धीमी पायी गयी जिस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी बिहार को फटकार लगायी गयी और निर्देशित किया गया कि फीडिंग के कार्य में तेजी लायें। विशेष टीकाकरण अभियान की समीक्षा में सण्ड़वा चन्द्रिका की प्रगति ठीक नही पायी गयी जिस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी सण्ड़वा चन्द्रिका के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य कार्यो में आर0बी0एस0के0 टीम का कोई प्रोग्रेस न होने पर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि आर0बी0एस0के0 के कार्य में प्रगति में सुधार लाये। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जननी सुरक्षा योजना का संचालन पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप करें और जननी सुरक्षा योजना का भुगतान शत् प्रतिशत किया जाये, जिन जिन स्वास्थ्य केन्द्रों पर जननी सुरक्षा योजना का भुगतान पेन्डिंग है उसका तत्काल निस्तारण करवाते हुये भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इसी प्रकार बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर के संचालन, एम्बुलेन्स 108 एवं 102, जन्म मृत्यु पंजीकरण, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, दवाओं की उपलब्धता, प्रसव केन्द्र, एफ0आर0यू0, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सभी अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवायें तथा जनता से जुड़ी योजनाओं को बेहतर तरीके से संचालित करने का निर्देश दिये।

सीधे प्रवेश

100% Placement

15% Fee Concession

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

(पहले आओ पहले पाओ)

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर

❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिंग — बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0

8081180306 , 9415608710 , 8103021873

➪ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# बालू कारोबारी के हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए किया चक्का जाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** बालू कारोबारी ध्रुव सिंह की हत्या के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मंगलवार सुबह परिजनों के साथ ग्रामीण भी सड़क पर आ गए। हत्यारोपी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए सड़क जाम कर दिया। स्थानीय पुलिस को भी इसकी सूचना दे दी गई है। करछना के धरवारा गांव निवासी प्रदीप कुमार सिंह का बड़ा बेटा ध्रुव कुमार सिंह बालू कारोबारी था। सोमवार सुबह वह बालू की उधारी वसूल करने कोहड़ार पहुंचा था। सुबह ग्यारह बजे के लगभग वाहन से पीछा कर खीरी की ओर कचरा प्लांट गिट्टी लोड करने जा रहे ट्रक को रोककर ड्राइवर से बालू का पैसा मांगने लगा। इसी बात को लेकर ट्रक चालक ने ध्रुव के सिर पर रॉड से प्रहार कर दिया।

# स्कूटी सवारों दो युवकों को टैंकर ने घसीटा, एक की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** कोठापार्चा पर सोमवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हुआ।



टैंकर ने स्कूटी सवारों दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया और लगभग 20 मीटर तक घसीटते चला गया। जिससे स्कूटी सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा घायल है। सोमवार रात यंशुल अपने दोस्त हर्ष के साथ स्कूटी से निकला था। इस बीच कोठापार्चा पर एक टैंकर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टैंकर ने स्कूटी में साइड से टक्कर मारी और घसीटता हुआ काफी दूर तक ले गया। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निजी अस्पताल भेजा गया, जहां से उन्हें स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल रेफर कर दिया।

# ट्रेलर व हाईवा की आमने सामने टक्कर में एक की मौत एक गंभीर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**डाला,सोनभद्र।** हाथीनाला थाना क्षेत्र के हथवानी मोड़ के आस पास अनियंत्रित ट्रेलर और हाइवा में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई जिसमें एक चालक की मौत हो गई व दूसरा गम्भीर घायल हो गया। हाथीनाला थाना से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को लगभग 6 बजे एक ट्रेलर रेनुकूट से हाथीनाला के तरफ आ रही और हाइवा हाथीनाला से रेनुकूट के तरफ जा रही थी कि हथवानी मोड़ से पहले दोनों की आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई जिसमें रेनुकूट के तरफ से आ रहे वाहन का चालक श्याम नारायण विश्वकर्मा उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी डीबुलगंज हाल पता अटलनगर थाना अनपरा की मौके पर ही मौत हो गया एवं दूसरे वाहन का चालक श्रवण निवासी विंढमगंज जो गम्भीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची हाथीनाला पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु एवं घायल को दुध्धी भेजवा दिया गया। वही राहगीरों ने बताया कि दोनों वाहनो की टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेलर के परखच्चे उड़ गए।



# गैंगेस्टर एक्ट के तहत 11 लाख रुपए कि चल समाप्ति हुई कुर्क

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में गैंगेस्टर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा थाना दुद्धी पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या-156/2022 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट (विवेचना प्रभारी निरीक्षक विण्ढमगंज द्वारा की जा रही थी ) से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त रामलोचन उर्फ कमाण्डर पुत्र सोना बच्चा, निवासी ग्राम हरिपुरा, थाना विण्ढमगंज सोनभद्र हाल पता-अमवार थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र के विरुद्ध 14(1) की कार्रवाई करते हुए अभियुक्त उपरोक्त द्वारा अर्जित अवैध धन से क्रय की गयी दो अदद ट्रैक्टर मय ट्राली (वाहन संख्या 1. यू0पी0-64ए0सी0 1238 चेचिस नं0- चेचिस नं0-00213) जिनका कुल अनुमानित कीमत 11 लाख रुपये की चल संपत्ति को जिलाधिकारी जनपद सोनभद्र के आदेश के अनुपालन मे नियमानुसार कुर्क किया गया।



# एनटीपीसी सिंगरौली,शक्तिनगर में अभिनंदन समारोह आयोजित

(आधुनिक समाचार सेवा)
**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर से जनवरी-2023 माह में सेवानिवृत हुए कर्मचारियों के सम्मान में दिनांक 31.01.2023को अभिनंदन समारोह काआयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनटीपीसी गीत से हुई। श्री बसुराज गोस्वामी, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली एवं श्री सतीश कुमार गुजरानिया, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) द्वारा सेवानिवृत कर्मियों-श्री राम नरेश मिश्रा, (ऐश हैंडलिंग विभाग), श्री जोसफ वी. टी, (ऑपरेशन विभाग), श्री राधेश्याम विश्वकर्मा, (ईंधन प्रबंधन विभाग )को पुष्पगुच्छ एवं फूलमालासे अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर श्री बसुराज गोस्वामी, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौलीने निष्ठा एवं समर्पण भाव से सेवा प्रदान करने हेतु सेवानिवृत कर्मचारी गण के प्रति आभार प्रकट किया तथा उन्हें पूर्ण लगन एवं कर्मठता के साथ स्वस्थ एवं मंगलमय जीवनयापन व्यतीत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी कर्मचारियों के लिए उत्कृष्ट योगदान में सहयोग एवं समर्पण के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिवार जनों को भी धन्यवाद दिया।





श्री सतीश कुमार गुजरानिया, महाप्रबंधक (प्रचालन व अनुरक्षण) ने अपने उद्बोधन में सिंगरौली स्टेशन की उपलब्धियों के लिए सेवानिवृत कर्मचारियों के योगदान हेतु उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया, उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से स्वस्थ रहने और सामाजिक कार्यों में अधिक योगदान देने का भी आग्रह किया। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा अभिनंदन समारोह में सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सेवानिवृत कर्मचारियों श्री राम नरेश मिश्रा, (ऐश हैंडलिंग विभाग),श्री जोसेफ वी. टी. (इंजीनियरऑपरेशन), श्री राधेश्याम विश्वकर्मा, (ईंधन प्रबंधन)द्वारा एनटीपीसी के अपने अनुभव से उपस्थित जनों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर डॉ एसके खरे, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) श्री प्रबोध कुमार, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन),श्री अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (मैंटेनेंस), श्री अशोक कुमार सिंह, महाप्रबंधक (ऑपरेशन),श्री जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (ऐश डाइक प्रबंधन)अन्य सभी एनटीपीसी के विभाग प्रमुख, एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के मानद प्रतिनिधिगण, सेवानिवृत्तकर्मियों के आदरणीय परिवार के सदस्य उपस्थित रहें। श्री नरेश कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या के द्वारा सनातनियों के पुज्यनीय ग्रंथ श्रीरामचरितमानस के द्वारा अपशब्द कहे जाने के संबंध में

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।**राष्ट्रवादी युवा वाहिनी सोनभद्र के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संतोष पाण्डेय के नेतृत्व में पैदल मार्च करके स्वामी प्रसाद की शव यात्रा निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। स्वर्ण जयंती चौक पर पुतला दहन किया गया। बताते चलें कि सपा के नेता स्वामी प्रसाद ने श्रीरामचरितमानस को बैन करने की बात करते हुए इस पुस्तक को नफरत की किताब और समाज में हीनता फैलाने वाली किताब कहा है। इस विषय पर राष्ट्रवादी युवा वाहिनी के द्वारा भव्य प्रदर्शन किया गया। इस कर्म मे जिलाध्यक्ष संतोष पांडेय ने कहा कि हिन्दू धर्म को लगातार टारगेट किया जा रहा है। रोज के रोज हमारे देवी देवताओं को धार्मिक ग्रंथों को अपमानित करने की कोशिश की जा रही है। रायुवा के महामंत्री ज्वाला शंकर चतुर्वेदी ने कहा कि हमें हमारे धर्म की रक्षा करने आती है और हमने आज इस शव यात्रा के माध्यम से यह बताने की कोशिश की है की हिन्दू धर्म स्वामी प्रसाद मौर्या का पूर्ण रूप से बहिस्कार करता है और ऐसे लोग को अपने समाज से अंतिम विदाई दे रहा है। कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रवादी युवा वाहिनी के संगठन महामंत्री ज्वाला शंकर चतुर्वेदी थे। इस कार्यक्रम मे जनसत्ता दल के जिला अध्यक्ष, बजरंग बजरंग दल , अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद।इस मौके पर विशेष सहयोगी , रवि प्रकाश चौबे , शिवम चतुर्वेदी, हरिदेव सिंह,अभिषेक चौबे, नीतीश चतुर्वेदी, अनुपम तिवारी, प्रकाश केशरी, रूबी गुप्ता, चंद्रशेकर जी, कृष्णा भूषण पांडेय, शाशक मिश्रा ,दिनेश सिंह, बलराम सोनी, प्रकाश केशरी ,मृगांग दुबे, सचिन सिंह, पिंटू सिंह साहू जलान, स्वयं मोदनवाल, सत्यम सोनी, शुभम पांडेय, सत्यम शुक्ला,पटेल ,जय प्रकाश चौबे ,शुभम पांडे, शुभम केसरी ,सूरजपाल, राजा पांडे ,उत्कर्ष पांडे व अन्य लोग मौजूद थे।



# सुरक्षा उपकरण बेशक सड़क दुर्घटनाओं को कम नहीं करेगा, मगर शारिरीक नुकसान जरूर कम होगा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**अनपरा (सोनभद्र)।** हिंडालको रेनूसागर पावर डिवीजन रेणुसागर प्रेक्षागृह में सड़क सुरक्षा जागरूकता माह अभियान समापन समारोह का





आयोजन किया गया घ्कार्यक्रम का शुभारंभ आदित्य बंदना के साथ शुरू हुआ, तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा सुरक्षा से संबंधित गीत गाया गया जिसके बोल थे सड़क सुरक्षा जीवन के लिए होती है ,सड़को पर अक्सर दुर्घटना होती है। इसके अलावा बच्चों ने अपना हुनर दिखाते हुए सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नाटक प्रस्तुत किया जो अत्यंत सराहनीय रहा दर्शकों ने खूब सराहा एवं तालियां बजाने पर मजबूर हो गए घ् कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेनूसागर पावर डिविजन के अध्यक्ष ऊर्जा के पी यादव ने सड़क सुरक्षा को दिनचर्या में शामिल करने पर जोर दिया तथा कहा कि सुरक्षा विभाग व ट्रांसपोर्ट विभाग ने जो मुहिम चलाकर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया है वह काबिले तारीफ है, इस सड़क सुरक्षा अभियान में महिला मंडल की सदस्याओं के अलावा घरेलू महिलाओं ने भी जो बढ़ चढ़कर भाग लिया वह यह दर्शाता है कि हमारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान सार्थक हुआ है ,मुख्य अतिथि ने कहा कि सेफ्टी बेल्ट व हेलमेट लगाना बेशक दुर्घटनाओं को कम नहीं करेगा, मगर शारिरीक नुकसान जरूर कम होगा, अंत में मुख्य अतिथि ने सुरक्षा संबंधित उदाहरण देते हुए कहा कि पेड़ पर बैठे पक्षियों को देखिए जबकि मनुष्य उनसे ज्यादा समझदार है लेकिन पक्षी जब उड़ते हैं तो कतार में उड़ते हैं इसलिए हमें ट्रैफिक के नियमों का पालन करना चाहिए और दूसरों को भी इसकी नसीहत देनी चाहिए जिससे दुर्घटनाओं में कमी आए घ् इस कार्यक्रम के मुख्य अधिकारी कैप्टन रोहित देव फरासी ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया और सड़क सुरक्षा जागरूकता माह अभियान के तहत पूरे कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया ,अंत में कार्यक्रम का समापन ट्रांसपोर्ट विभाग के मुकेश कुमार श्रीवास्तव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ घ् कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख शैलेश विक्रम सिंह , संजय सिंह, गुलसन तिवारी , सुदिप्ता नायक,समीर आनंद , मनीष सिंह, आर सी पांडेय के आलावा अन्य विभागों के प्रमुख व महिला मंडल की सदस्याए उपस्थित थी ।

# चाकू से युवक पर हमला करने वाले दो अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।** आवेदक अनुराग त्रिपाठी पुत्र हरिश्चन्द्र त्रिपाठी निवासी 01



डी, 144 ओबरा कालोनी, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र द्वारा थाना ओबरा पर लिखित तहरीर दी तनवर कुरैशी पुत्र राजू कुरैशी 02. अलम्तस अली पुत्र हमीद समस्त निवासीगण थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र द्वारा गाली-गलौज देते हुए मेरे पीट में चाकू घोप दिया गया। उक्त घटना के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना ओबरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-15/2023 धारा 307, 504, 506 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त घटना में सलिप्त अभियुक्तगणों की शीध्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी ओबरा के निकट पर्यवेक्षण में थाना ओबरा पर टीम गठित करते हुए विशेष निर्देश दिये गये। इसी क्रम में थाना ओबरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर डिग्री कालेज चौराहा के पास से घटना में संलिप्त 02 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर लिया गया। **इगिरफ्तारी का विवरण-** 1. तनवर कुरैशी पुत्र राजू कुरैशी, निवासी चुड़ी गली, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र । 2. अल्तमस अली पुत्र स्व0 हमीद निवासी पुराना थाना बस स्टैण्ड के पास, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र । **आपराधिक इतिहास अभियुक्त अल्तमस उर्फ हिफाजत अली-**1. मु0अ0सं0-174/20223 धारा 323, 504, 506, भादवि थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र ।2. मु0अ0सं0-15/20223 धारा 307, 504, 506, भादवि थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र । **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-** 1. उ0नि0 अमित कुमार त्रिपाठी, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र । 2. आक्षी राम सिंह यादव, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र । 3. आरक्षी अतुल अवस्थी, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र ।

# शिक्षकों के वेतन अवरुद्ध आदेश को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने कराया वापस

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की सोनभद्र इकाई ने मंडल अध्यक्ष अखिलेश मिश्र 'वत्स' की अध्यक्षता एवम् जिला संयोजक अशोक कुमार त्रिपाठी तथा इंदु प्रकाश सिंह के संयोजन में प्राचार्य, जिला शिक्षा एवम् प्रशिक्षण संस्थान तथा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से मुलाकात कर कतिपय शिक्षकों का वेतन अवरुद्ध किये जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। बता दें कि विगत दिनों डायट पर सम्पर्क फाउन्डेशन के समन्वय से बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन अंग्रेजी माध्यम परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 जनवरी से 21 जनवरी के मध्य आयोजित हुआ था, जिसमें 18 एवम् 19 जनवरी के प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे है 20 शिक्षक / शिक्षामित्र का वेतन अवरुद्ध कर दिया गया था। जिसके क्रम में महासंघ के जिला कार्यकारिणी के गणेश पांडेय, सौरभ कार्तिकेय श्रीवास्तव, देवेंद्र गंगवार, संदीप तिवारी, बृजेश महादेव, लोकेंद्र त्रिपाठी तथा दिनेश कुमार दुबे, आनंद देव पांडेय, संजय कुमार, अंकुर, दिवाकर तिवारी के साथ बभनी टीम के समर्पण से शिक्षकों का अवरुद्ध वेतन बहाल कराया गया।के पत्र के जवाब मे डायट प्राचार्य ने यह भी अवगत कराया कि आने वाले अगले प्रशिक्षण से सभी प्रतिभागियों को ऊँ दिया जाएगा व विषय से संबंधित और रूचि रखने वाले शिक्षक ही प्रतिभाग करेंगे। सभी मागों पर प्राचार्य की सहमति और शीघ्र क्रियान्वयन पर महासंघ द्वारा उन्हें एवं बीएसए सर को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।वहीं वेतन बहाली के आदेश मिलते ही पीड़ित शिक्षकों ने मुक्तकंठ से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के धन्यवाद करते हुए जय महासंघ के खूब गगनभेदी नारे लगाए।मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि महासंघ शिक्षा एवम् शिक्षक हित में समर्पित है तथा समय समय पर शिक्षक हित में अर्जित अवकाश का अंकन, पदोन्नति, जीआईएस कटौती आदि कई आदेश जारी करवाया गया है।



# मिशन वात्सल्य के तहत ब्लॉक स्तरीय बाल संरक्षण समिति की उन्मुखीकरण प्रशिक्षण व बैठक का हुआ आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।** घोरावल ब्लाक के सभागार में ब्लॉक प्रमुख व खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक



स्तरीय बाल सरंक्षण समिति ,महिला शक्ति केंद्र, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह की टास्क फोर्स की बैठक आहुत की गई ।जिसमें खण्ड विकास अधिकारी रमेश कुमार यादव द्वारा बताया गया की बाल विवाह ,बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति और नवजात परित्यक्त शिशु बालक बालिका की सूचना देने के लिए सभी टोल फ्री नम्बर और अपने विभागीय नंबर को डिस्प्ले कराने के लिए कहा गया ताकि आम जनमानस को पता हो की बच्चो के संबंधित सूचना देने के लिए किसे और कहा सूचित करना है। महिला शक्ति केंद्र से महिला कल्याण अधिकारी श्रीमती नीतू यति सिंह द्वारा महिला कल्याण विभाग की समस्त कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया साथ ही आधार प्रमाणीकरण को शत प्रतिशत कराने के लिए सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बेटियो की शिक्षा पर जोर देने के लिए लोगो को प्रेरित किया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई से श्रीमती रोमी पाठक द्वारा बाल यौन शोषण,बाल सेवा योजना,बाल विवाह,बाल श्रम,बाल भिक्षावृत्ति आदि के बारे में जानकारी दिया गया साथ ही ग्राम बाल संरक्षण समिति की बैठक कराने पर जोर दिया गया । बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री आकांक्षा उपाध्याय, बाल विकास परियोजना अधिकारी हरी मोहन , दीपक कुमार सिंह प्रमुख क्षेत्र पंचायत ,डा0 नरेंद्र कुमारसरोज ,सहायक विकास अधिकारी संजय राजभर ,पंचायत सहायक,ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन ने विकास कार्यों की, की समीक्षा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।**मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा की गयी, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु जनपद में "मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी" अभियान चलाकर लोगों को अपने घर के सामने बोरी टॉगकर प्लास्टिक इकठ्ठा करने के लिए प्रेरित किया गया, इसी प्रकार पानी में फ्लोराइड व आयरन की अधिकता वाले क्षेत्रों में फिल्टर का वितरण किया गया और शुद्ध पानी पीने के लिए फिल्टर का उपयोग करने हेतु उन्हें प्रेरित किया गया। इसी प्रकार से जनपद में ड्रैगनफ्रूट की खेती हेतु किसान बन्धुओं को जागरूक किया जा रहा है और ड्रैगनफ्रूट की खेती के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि हेतु जनपद में कार्य किया जा रहा है, इसी प्रकार से जनपद में ग्राम समाधान दिवस का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने की कार्यवाही भी की जा रही है, सोन ग्रामोदय ऐप का निर्माण किया गया है, जिसके माध्यम से सीधे अपनी शिकायतों को सम्बन्धित अधिकारी के संज्ञान में ला सकते हैं, इस दौरान मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन महोदय ने जनपद में सिंगल यूज प्लास्टिक "मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी" अभियान चलाकर किये गये कार्यों की सराहना की, इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद में ग्राम समाधान दिवस के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का उनके गांव में ही निस्तारण किया जा रहा है, यह बहुत ही सराहनीय कदम है, क्योंकि जनपद सोनभद्र में दूर-दराज क्षेत्रों से लोगों को जनपद मुख्यालय पर आने पर समस्याओं का सामना करना पड़ता था, अब उनकी समस्याओं का निराकरण उनके ही गांव में हो जा रहा है, यह बहुत ही सराहनीय पहल है, इस सराहनीय कार्य के लिए उन्होंने जिलाधिकारी महोदय की सराहना की, इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद के जिन क्षेत्रों में फ्लोराइड व आयरन की अधिकता है, उन क्षेत्रों में जिन-जिन घरों में फिल्टर का वितरण किया जा रहा है और ग्रामीण उसका उपयोग कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि जनपद के जिन क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या है, उस पर कार्य किया जा रहा है, उसे शीघ्र ही दूर करने का प्रयास किया जायेगा, जिससे ग्रामीणों को नेटवर्क की समस्या से निजात मिल सके, उन्होंने जनपद में आयुष्मान कार्ड के निर्माण के प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली, तो मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में लगभग 4 लाख 30 हजार आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं, शेष व्यक्तियों के कार्ड बनाये जा रहे हैं, जिस पर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन ने कहा कि आयुष्मान



कार्ड बनाने का कार्य तीव्रगति से पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाये और हर पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बन जाये, जिससे कि वह अपने घर के बीमार व्यक्तियों का समय से बेहतर ढंग से 5 लाख तक का निःशुल्क ईलाज करा सके और उन्हें किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़ें, इसी प्रकार से मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन महोदय ने जनपद में पर्यटन के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में भी जानकारी ली और जनपद के पर्यटन पर बनायी गयी डाकूमेन्टी फिल्म को देखा और उन्होंने कहा कि जनपद में पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं, इसके सम्बन्ध में लोगों को अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध करायी जाये, जिससे कि पर्यटन की दृष्टि से लोगों का जनपद में आगमन हो और लोगों को रोजगार का अवसर भी मिल सके, इस दौरान मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों को केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओ से लाभान्वित किया जाये, उन्होंने कहा कि पहले गांव का विकास होगा, तो जनपद का विकास होगा, फिर प्रदेश और फिर देश का विकास होगा, जनपद की अर्थ व्यवस्था बेहतर करने हेतु लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध कराने होंगे, जिससे कि वह विकास के पथ पर अग्रसर हो सके। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि जनपद में दुर्घटना को रोकने हेतु साइनिज बोर्ड का निर्माण और लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करने का कार्य किया जाये। उन्होंने कहा कि विकास के लिए सभी अधिकारी जनमानस के हित के लिए मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की गयी, जिसमें हर घर को नल से जल, जननी सुरक्षा योजना, सैम-मैम बच्चों के स्वास्थ्य सुधार हेतु पोषाहार का वितरण, मुख्यमंत्री आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन सहित अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं, इन योजनाओं के माध्यम से जनमानस के जीवन में खुशहाली लाने हेतु उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाये। इस मौके पर डॉ0 मुथु कुमार स्वामी बी0 मण्डलायुक्त मीरजापुर मण्डल, राकेश प्रकाश सिंह डी0आई0जी0 मीरजापुर, चन्द्र विजय सिंह जिलाधिकारी, डॉ0 यशवीर सिंह पुलिस अधीक्षक, सौरभ गंगवार मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी(नमांमि गंगे) आशुतोष दूबे सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थिता रहें।

# वनडे विश्व कप 2023 में भारत के लिए ईशान या शिखर करेंगे ओपनिंग रविचंद्रन अश्विन ने दिया जवाब


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप करने के बाद भारतीय टीम एकदिवसीय विश्व कप 2023 की तैयारी में जुट गई है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम को दो नए ओपनर मिले हैं। न्यूजीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ दोनों को आजमाया गया। ऐसे में अनुभवी शिखर धवन को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है। ऐसा माना जा रहा है कि उनका एकदिवसीय विश्व कप में खेल पाना मुश्किल है, लेकिन आर अश्विन ने उनका समर्थन किया है। गौरतलब हो कि धवन ने पिछले साल दिसंबर में शिखर धवन ने बांग्लादेश दौरे पर भारतीय टीम का नेतृत्व किया था। टीम ने 2-1 से सीरीज तो जीती, लेकिन शिखर धवन का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। वहीं, ईशान किशन ने तीसरे वनडे मैच में दोहरा शतक लगाया। धवन सीरीज में मात्र 18 रन ही बना सके। इसका खामियाजा उन्हें श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ




वनडे सीरीज से दूर रहकर चुकाना पड़ा। शिखर का बचाव करते हुए भारत के हरफनमौला खिलाड़ी आर अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ठवह वनडे क्रिकेट के बेहतरीन खिलाड़ी हैं। आप रोहित की बात करते हैं। आप कोहली के बारे में बात करते हैं, लेकिन आप शिखर धवन को भूल गए। उन्होंने खामोशी से अपना काम किया। पिछले तीन सीरीज से फेल होने पर हमें उनसे दिक्कत होने लगी। हम उनके पहले को योगदान को भूल गए और तो और टीम में उनके लिए कोई जगह नहीं रही। अश्विन ने आगे कहा, ठक्या हमें शिखर धवन के पास वापस जाना चाहिए, या हमें ईशान किशन को तैयार करना चाहिए, जिन्होंने अभी-अभी दोहरा शतक बनाया है? एक बड़े स्कोर के आधार पर किसी खिलाड़ी का समर्थन करने के बजाय हमें यह देखना चाहिए कि टीम को क्या चाहिए। कौन सा खिलाड़ी दबाव में उतरेगा? कौन सा प्लेयर लंबे समय तक क्रीज पर रहकर रन बना सकता है। बता दें कि शिखर धवन ने भारत के लिए 167 वनडे अंतराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 6793 रन बनाए। वनडे करियर में शिखर के नाम 17 शतक और 39 अर्धशतक दर्ज हैं। शिखर धवन आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2013 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

# 'उनके सामने अच्छे-अच्छे गेंदबाज फेल' सूर्यकुमार की तारीफ में एबी डी विलियर्स ने पढ़े कसीदे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के मिस्टर 360 डिग्री के नाम से जाने और पहचाने वाले सूर्यकुमार यादव मैदान पर बड़े-बड़े शॉट्स लगाने के लिए जाने जाते हैं। बता दें कि न्यूजीलैंड के खिलाफ सूर्या ने दूसरे टी-20 मैच में आखिरी ओवर की पांचवी गेंद पर विनिंग चौका लगाकर भारत को 6 विकेट से जीत दिलाई। उन्होंने सिर्फ 26 रन बनाए, लेकिन फैंस का दिल

जरूर जीत लिया। फैंस ही नहीं हाल ही में साउथ अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डी विलियर्स ने सूर्या की तारीफ में कसीदें पढ़ें है। उनका मानना है कि सूर्या खेल को अगले स्तर पर ले गए है। उनके सामने अच्छे-अच्छे गेंदबाजों के पसीने छूट जाते हैं। दरअसल, टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में साउथ अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डी विलियर्स ने सूर्यकुमार की जमकर तारीफ करते हुए बयान दिया। उनसे जब पूछा गया कि सूर्या खेल के सबसे छोटे प्रारूप में शानदार रहे हैं। हमने आईपीएल में एक और स्टार डेवाल्ड ब्रेविस को भी देखा। क्या आपको उनकी बल्लेबाजी में कोई समानता नजर आती है इसके जवाब में उन्होंने कहा, ''सूर्या और डेवाल्ड दोनों के खेल के तरीकों में समानता है। उन दोनों का बहुत इरादा है। जब वे गेंदबाजों का सामना करते हैं, तो वह दोनों काफी आक्रामक होते हैं। वह गेंदबाजों को कभी भी जमने नहीं देना चाहते। सूर्या के पास काफी अनुभव है। उन्होंने आईपीएल और मुंबई इंडियंस के लिए काफी शानदार प्रदर्शन किया है। दोनों का भविष्य मुझे उज्जवल दिखता हैं।'' भारत और न्यूजीलैंड के बीच 1 फरवरी को खेले जाने वाले तीसरे टी-20 मैच में सूर्यकुमार यादव के पास दिग्गज एबी डी विलियर्स का पिकॉर्ड तोड़ने का सुनहेरा मौका है। बता दें कि आईसीसी टी-20 इंटरनेशनल रैंकिग में दुनिया के नंबर वन बल्लेबाज सूर्या को तीसरे टी-20 में महज 22 रन बनाकर सबसे ज्यादा रनों के मामले में डीविलियर्स को पीछे छोड़ सकते है। इससे पहले उन्होंने एमएस धोनी (1617 रन) और सुरेश रैन (1605 रन) को पीछे छोड़ा हैं।

# राहुल द्रविड़ ने की भारतीय महिला टीम को बधाई देने की खास अपील

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम ने 29 जनवरी को आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। बता दें कि यह पहला मौका था जब किसी महिला टीम ने इंग्लैंड को अंडर-19 विश्व कप के फाइनल मैच में 7 विकेट से मात देकर शानदार दर्ज की और पहली बार विश्व चैंपियन बनी। इस मैच के बाद भारतीय टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने महिला टीम को एक खास अंदाज में बधाई दी। दरअसल, कहा। दरअसल, राहुल ने कहा, 'भारतीय महिला अंडर-19 टीम के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा और उनका दिन शानदार रहा। मैं अंडर-19 के विजेता कप्तान पृथ्वी शॉ को कहूंगा कि वो महिला खिलाड़ियों को बधाई संदेश साझा



ने विश्व कप का खिताब जीता। शैफाली वर्मा की अगुआई वाली भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड टीम को फाइनल मैच में 7 विकेटों से मात दी। इस ऐतिहासिक जीत के बाद भारत के सीनियर पुरूष टीम की ओर से भी राहुल द्रविड़ ने सभी खिलाड़ियों की तरफ से भारतीय महिला टीम को एक खास अंदाज में बधाई दीदरअसल, लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी-20 मुकाबले में भारतीय टीम ने 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। वहीं, दूसरी ओर भारतीय महिला टीम लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी-20 मुकाबले में भारतीय टीम ने 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। वहीं, दूसरी ओर भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को अंडर-19 विश्व कप के फाइनल मैच में 7 विकेट से मात देकर शानदार दर्ज की और पहली बार विश्व चैंपियन बनी। इस मैच के बाद भारतीय टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने महिला टीम को एक खास अंदाज में बधाई दी। इसके साथ ही 18 महीने बाद टीम इंडिया में वापसी करने वाले पृथ्वी शॉ को द्रविड़ ने माइक देखकर महिला टीम को बधाई देने के लिए करें।'बता दें कि राहुल द्रविड़ के ऐसा करने के बाद पृथ्वी शॉ ने माइक हाथ में लिया और भारतीय महिला टीम के खिलाड़ियों को विश्व चैंपियन बनने पर बधाई दी। शॉ ने अपने बधाई संदेश में महिला खिलाड़ियों को कहा, 'आपने कमाल कर दिया, आपने जो हासिल किया है वो कोई मामूली बात नहीं है, सभी आपको बधाई देना चाहते हैं। वेलडन..मुबारक हो वहीं, शॉ जब बधाई संदेश दे रहे थे तो ईशान किशन और युजवेंद्र चहल क्रिकेटर की ओर देखकर मुस्कुरा रहे थे।

# वह उमरान मलिक और सिराज नहीं हैष्ठगौतम गंभीर ने लगा दी इस तेज गेंदबाज की क्लास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ओपनर बल्लेबाज गौतम गंभीर ने अर्शदीप को लेकर बड़ा बयान दिया है। गौतम गंभीर ने कहा कि अगर युवा खिलाड़ी को नो-बॉल से बचना है तो उसे चीजे सिंपल रखनी



होंगी। अर्शदीप को बेसिक पर काम करना होगा। बता दें कि अर्शदीप ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में अब तक सबसे ज्यादा नो-बाल की है गौरतलब हो कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में अर्शदीप ने पारी के 20वें ओवर की पहली गेंद नो-बॉल की थी। इस पर डैरियल मिचेल ने सिक्स लगाया था। ओवर खत्म होते-होते काफी रन बन चुके थे। आखिरी ओवर में अर्शदीप ने 27 रन दिए। जिसकी बदौलत न्यूजीलैंड ने 176 रन का स्कोर बनाया। यही रन भारत के लिए भारी पड़ गए। रांची में टीम को 21 रन से हार का सामना करना पड़ा। तेज गेंदबाज को नो-बॉल करने से बचना चाहिए स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए गौतम गंभीर ने कहा, मेरे लिए यह देखना अनअक्सेप्टेबल था। मुझे लगता है कि स्कोर ठीक था, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आप छोटे प्रारूप में नो-बॉल नहीं कर सकते। यह टीम के लिए नुकसानदेह होता है, आपके लिए हानिकारक होता है। साथ ही आपको वापसी करने में मुश्किल पैदा करता है।गौतम गंभीर ने आगे कहा, ठआप सिराज और उमरान मलिक नहीं, जो अपनी स्पीड से बल्लेबाज को बीट कर सकें। आपको अपनी गेंदबाजी में विविधता विकसित करनी चाहिए। धीमी बाउंसर का उपयोग किया जा सकता है। एक चीज जो उसे करनी चाहिए, वह यह कि उसे अपनी बॉलिंग को बहुत सरल रखने की कोशिश करनी चाहिए, नो-बॉल जितना कम कर सकते हैं उतना बेहतर है बता दें कि अर्शदीप नो-बॉल करने के चलते कई बार ट्रोल हुए हैं। एशिया कप सहित कई द्विपक्षीय सीरीज में वह नो-बॉल करते हुए काफी रन लुटा चुके हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 में भी अर्शदीप ने काफी ज्यादा रन खर्चे थे।

# ऋषभ पंत को लेकर डॉक्टरों ने दी खुशखबरी, क्रिकेटर ने लिखा इमोशनल पोस्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने अनुसार जल्द ही ऋषभ पंत की अस्पताल से छुट्टी हो सकती है। वहीं, ऋषभ पंत ने कहा कि उनकी सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है। मेडिकल टीम की ने अच्छी खबर दी है। डॉक्टरों का कहना है कि सबकुछ ठीक रहा तो इस हफ्ते ऋषभ पंत अस्पताल से डिस्चार्ज हो जाएंगे बता दें कि कार एक्सीडेंट के बाद ऋषभ पंत को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल



सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट भी लिखा है, जिसमें उन्होंने अपने रिकवरी के बारे में बात की है। बता दें कि कार एक्सीडेंट के बाद ऋषभ पंत को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती भार्ती कराया गया था। यहां उनके घुटने की सर्जरी हुई थी। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने इन्साइडस्पोर्ट्स से बात करते हुए में भर्ती भार्ती कराया गया था। यहां उनके घुटने की सर्जरी हुई थी। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने इन्साइडस्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा कि उनकी सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है। मेडिकल टीम की ने अच्छी खबर दी है। डॉक्टरों का कहना है कि सबकुछ ठीक रहा तो इस हफ्ते ऋषभ पंत अस्पताल से डिस्चार्ज हो जाएंगे।

# पूर्व पाक ऑलराउंडर ने दिया भड़कीला बयान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दुनिया के दो दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और शाहीन अफरीदी चोट के कारण लंबे समय से बाहर हैं और दोनों के प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में जल्द वापसी की उम्मीदें की जा रही हैं। अफरीदी घुटने की चोट से जूझ रहे हैं जबकि बुमराह पीठ में चोट से ग्रस्त हैं। भारत और पाकिस्तान दोनों को उम्मीद है कि ये खिलाड़ी जल्द ही फिटनेस हासिल करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करें। अफरीदी के घुटने की चोट ने उन्हें एशिया कप 2022 से बाहर किया था, जिसमें पाकिस्तान रनर्स-अप रहा था। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया में संपन्न टी20 वर्ल्ड कप में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने वापसी की, जहां पाकिस्तान दोबारा रनर्स-अप रहा। टी20 वर्ल्ड कप के दौरान अफरीदी की चोट बढ़ गई और वो शेष सीजन से बाहर हो गए।इस बीच जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण लंबे समय से बाहर हैं। बुमराह इस चोट के चलते टी20 वर्ल्ड कप से भी बाहर हुए और बेंगलुरु में इस समय एनसीए में रिहैब कर रहे हैं। इन दोनों तेज गेंदबाजों की तुलना करते हुए पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर अब्दुल रज्जाक ने भड़कीला बयान दे दिया है। रज्जाक ने एक न्यूज चैनल से बातचीत में कहा, 'शाहीन अफरीदी तो जसप्रीत बुमराह से बहुत बेहतर हैं।

# इकाना स्टेडियम के पिच क्यूरेटर पर हुई कार्रवाई मैच के बाद कप्तान हार्दिक ने जताई थी नराजगी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम पिच में टर्न बहुत ज्यादा था। दोनों ही पारियों में एक भी सिक्स नहीं लगा। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी लेकिन ये टी20 के लिए नहीं बने थे।ठ वहीं टीम इंडिया के बॉलिंग कोच पारस म्हाम्ब्रे ने भी आलोचना




में दूसरा टी20घ् खेला गया। भारत ने मैच जीतकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। मैच के बाद दोनों ही टीमों ने पिच की आलोचना की थी। सूत्रों के अनुसार इसके चलते इकाना स्टेडियम के पिच क्यूरेटर पर कार्रवाई की गई है गौरतलब हो कि इकाना में खेले गए मैच में दोनों ही टीमें 100 रन ही करीब पहुंच सकी। यहां स्पिन गेंदबाजों के लिए काफी मदद मिली। करते हुए 99 रन का स्कोर बनाया था। इसके जवाब में भारतीय बल्लेबाजों के भी पसीने छूट गये थे। बड़ी मुश्किल से आखिरी ओवर में भारत ने 6 विकेट से मैच जीता था। मैच के बाद हार्दिक पांड्या ने कहा, ठईमानदारी से कहूं तो यह एक विकेट सदमा देने वाला था। हमने कई मुश्किल पिच पर खेला है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं इसके लिए पूरी तरह तैयार हूं, की थी सूत्रों के अनुसार शायद इसी कारण से स्टेडियम मैनेजमेंट ने पिच क्यूरेटर पर कार्रवाई की है। सूत्र के मुताबिक, पिच क्यूरेटर को काली मिट्टी से पिच तैयार करने के लिए हटा दिया है। बताया जाता है कि कम समय में पिच क्यूरेटर ने लाल मिट्टी से पिच तैयार की थी, मगर यह पिच सही मानक के हिसाब से नहीं बन सकी थी।

# 'करो या मरो' मुकाबले में हार्दिक पांड्या करेंगे अहम बदलाव, जानें कैसी रहेगी प्लेइंग


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज का निर्णायक मुकाबला 1 फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस समय सीरीज 1-1 की बराबरी पर मौजूद है, ऐसे में ये मुकाबला दोनों ही टीमों के लिए 'करो या मरो' का होने वाला है। बता दें कि सीरीज का पहला मुकाबला गंवाने के बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे मैच में छह विकेट से जीत दर्ज की थी और इस सीरीज को बराबरी पर लाकर खड़ा किया था। हालांकि, इस मुकाबले में मुश्किल पिच पर बल्लेबाजी करते हुए भारत के अधिकतर बल्लेबाज फ्लॉप साबित हुए और भारत को एक छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए भी कड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। ऐसे में कप्तान हार्दिक 'करो या मरो' के मुकाबले में कुछ बड़े बदलाव करते हुए नजर आ सकते हैं। आइये जानते है कि सीरीज के निर्णायक मैच में टीम इंडिया किन 11 खिलाड़ियों के साथ मैदान पर उतर सकती है अब तक खेले गए दोनों ही मुकाबलों में ईशान किशन) और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी भारत को एक विस्फोटक शुरुआत देने में नाकाम साबित हुई है। ऐसे में निर्णायक मुकाबले के लिए कप्तान हार्दिक पृथ्वी शॉ को खेलने का मौका दे सकते हैं। शॉ ने 18 महीने बाद भारतीय टीम में जगह बनाई है, ऐसे में अगर इस मुकाबले में उन्हें खेलने का मौका मिलता है तो वो कप्तान का निराश नहीं करना चाहेंगे। इसके बाद नंबर तीन पर राहुल त्रिपाठी, चार पर सूर्यकुमार यादव और पांच पर कप्तान हार्दिक पांड्या खेलते हुए नज़र आ सकते हैं। बता दें कि लखनऊ में खेले गए सीरीज के दूसरे मुकाबले में पिच बल्लेबाज़ी के लिए काफी मुश्किल




थी, ऐसे में सूर्यकुमार यादव (26) और हार्दिक पांड्या (15) की जोड़ी ने समझदारी से बल्लेबाजी की और मैच को अंत तक ले जा कर जीत में एक अहम भूमिका निभाई। इस मुकाबले में वॉशिंगटन सुंदर और दीपक हुड्डा भारत के लिए फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं। दोनों ही खिलाड़ियों ने पिछले मुकाबले में किफायती गेंदबाजी करते हुए एक-एक विकेट चटकाया था। ऐसे में ये दोनों ही बल्लेबाज़ निचले क्रम में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने के साथ साथ जरूरत पड़ने पर गेंदबाजी से भी अपना जलवा बखूबी दिखा सकते हैं। सीरीज के दुसरे मुकाबले में कप्तान हार्दिक ने युजवेंद्र चहल को टीम में खेलने का मौका दिया था और उन्होंने अपने कप्तान के फैसले को सही साबित करते हुए 2 ओवर में सिर्फ दो की किफायती इकॉनमी से गेंदबाजी करते हुए एक विकेट चटकाया। इसके अलावा पहले मैच में महंगे साबित होने के बाद अर्शदीप सिंह ने भी शानदार वापसी की और दो विकेट चटकाए। वहीं, पिछले मैच में भारतीय टीम के युवा तेज़ गेंदबाज़ शिवम मावी को सिर्फ एक ही ओवर करने का मौका मिला था, ऐसे में उनकी जगह इस मुकाबले में मुकेश कुमार को डेब्यू का मौका मिल सकता है।भारत- ईशान किशन (विकेटकीपर), पृथ्वी शॉ, राहुल त्रिपाठी, सूर्यकुमार यादव (उप कप्तान), दीपक हुड्डा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, उमरान मलिक।



# राशिफल



**मेष-:** अपने मित्र के साथ हुई गलतफहमी को शीघ्र सुलझाएं। अधिक विवाद से आप दोनों के संबंधों को हानि होगी। प्रमोशन होगा और सैलेरी भी बढ़ सकती है।

**वृष-:** व्यापार में अच्छा लाभ का योग आज बन सकता है। आप अपने साझेदार के साथ अच्छे व्यवहार के कारण अपने व्यापार को नई गति देंगे।

**मिथुन-:** आज आपका दिन शानदार रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। आप थोड़ी-सी मेहनत करके अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

**कर्क-:** कर्क राशि वाले आज एक नई शुरुआत कर सकते हैं। सामाजिक रूतबा मिल सकता है। घर-परिवार या पड़ोस में कोई कठिन परिस्थिति बने तो सकारात्मक रहें।

**सिंह-:** आपके लिए आज का दिन काफी अनुकूल रहने की संभावना दिखाई दे रही है। परिवार के लोगों का तालमेल आपको आगे बढ़ने का हौसला देगा।

**कन्या-:** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपको शाम तक किसी समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा।

**तुला-:** आज आपकी योग्यता में वृद्धि होगी। जल्दबाजी और जोखिम भरे कामों से दूर रहें। ऐसा कोई गैरज़िम्मेदाराना काम न करें जिसके लिए बाद में आपको पछताना पड़े।

**वृश्चिक-:** छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

**धनु-:** यदि आप मानसिक रूप से तनाव को अपने ऊपर हावी होने देंगे तो आपको परेशानियां होंगी, अन्यथा स्थिति बढ़िया भी हो सकती है।

**मकर-:** करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की अनुभूति होगी। किसी जरूरी काम के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**कुंभ-:** आज आप अपनी नयी सोच से अपने कार्यक्षेत्र में बहुत ही उन्नति हासिल करेंगे। आज आपका नए लोगों से संपर्क होगा और नए लोगों से मित्रता होगी।

**मीन-:** आपके लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा और आने वाला दिन भी आज पर निर्भर करेगा, क्योंकि आज आपको कुछ ऐसे काम निपटाने हैं जो कि लंबे समय से अटके हुए हैं।





# सम्पादकीय

## सैनी भारत ने बौमा कॉनएक्सपो में दर्शकों को अपनी बहुमुखी प्रतिभा से किया प्रभावित

नोएडा ग्रेटर नोएडा में चल रहे बौमा कॉनएक्सपो में सैनी भारत ने अपनी उत्पाद शक्ति और बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक्सपो के सबसे बड़े एग्जिबिटर्स में से एक, सैनी भारत ने सडक़ और बंदरगाह उपकरण के साथ एक्सक्वेटर, होईसटिंग, माइनिंग, डीप फाउंडेशन जैसे विभिन्न इफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित एप्लीकेशन के लिए लगभग 21 मशीनों का प्रदर्शन किया है। इस एक्सपो में सैनी भारत की ओर से 12 नई मशीनें लॉन्च की गई हैं। सैनी भारत ने एक पूरी तरह से नए प्रोडक्ट वर्टिकल की घोषणा की है जो भारतीय सडक़ ठेकेदारों को सडक़ उपकरण प्रदान करेगा। कंपनी देश भर में विभिन्न इफ्रास्ट्रक्चर विकास परियोजनाओं में 25,000 उपकरणों के निर्माण और आपूर्ति में मील का पत्थर साबित हुई है। इस एक्सपो में आने वाले लोग नई लॉन्च की गई मशीनों अवगत हो रहे है जो कि सैनी तकनीकी रूप से उन्नत डिजाइन, संचालन में आसानी और विश्वसनीयता के साथ कुशल है। ग्राहकों और हितधारकों के विश्वास के साथ-साथ अपने दृढ़ विकास के कारण, सैनी भारत अब चाकन, पुणे में अपने कारखाने में 50 से अधिक निर्माण उपकरण मशीनों का निर्माण कर रहा है और यह 2023 में ऑटोमेशन, सस्टेनेबिल्टी और क्वालिटी पर ध्यान देने के साथ-साथ उत्पाद की पेशकश का विस्तार करना जारी रखेगा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर बोलते हुए, सैनी भारत और साऊथ एशिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री दीपक गर्ग ने कहा, बौमा जैसे लोकप्रिय एक्सपो में अपने उत्पादों को लॉन्च करने से हम बहुत उत्साहित हैं। हमेशा की तरह, हमें एक शानदार प्रतिक्रिया की उम्मीद थी और, हमारे विश्वास के अनुरूप हमारे कई उत्पादों की ब्रिकी एक्सपो स्थल में ही बिक्री हो गई । इस एक्सपो में उमड़ी भीड़ ने हमें नए व्यापारिक संबंध स्थापित करने और अपने ग्राहक आधार का विस्तार करने में मदद की। उत्पाद लॉन्च के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि नई उत्पाद श्रृंखला हमारी विनिर्माण शक्ति और तकनीकी विशेषज्ञता को प्रदर्शित करती है, जो हमारे ग्राहकों के लिए उत्पादकता और लाभप्रदता में वृद्धि करेगी। यह मॉडल विशेष रूप से भारतीय बाजार के लिए बनाए गए हैं। निम्नलिखित मशीनों को पहली बार इस वर्ष बौमा कॉनएक्सपो में परिचय करवाया गया। एसपीआर 260: पेश है सैनी भारत का पहला न्यूमेटिक टायर रोलर एसपीआर260सी, जिसका इस्तेमाल एसफाल्ट मैट फिनिश देने के लिए अंतिम परत के लिए किया जाता है। हमारा एसपीआर 260 शक्तिशाली इंजन से लैस है और 9 टायर कॉन्फिग्रेशन के कारण अपनी एप्लिकेशन में अद्वितीय है जो इसे अधिकतम रोलिंग चौड़ाई और ऑटोमेटिक टायर इंफेलेशन के साथ पूर्ण करता है। एसएलबी1500एक्स8ई: 120 टन/घंटा की क्षमता के साथ सैनी भारत का पहला एसफाल्ट बैच मिक्स प्लांट पेश कर रहा है। एसफाल्ट बैच उच्च गुणवत्ता वाली विश्व स्तरीय एसफाल्ट सडक़ों के लिए उपयोग किया जाता है। इसे सभी प्रकार की सडक़ों को कवर करने वाले एसफाल्ट उत्पादन प्रदान करने के लिए वैश्विक मानक मेक इन इंडिया मॉडल के साथ डिज़ाइन किया गया है। एसएपी100सी-10: पेश है सैनी भारत का पहला ट्रैक पेवर। ट्रैक पेवर का उपयोग एसफाल्ट की सडक़ को पक्का करने और चिकनी मैट फिनिश देने के लिए किया जाता है। हमारा एसएपी100सी-10 पेवर एक बार में 10.2 मीटर तक की सडक़ बना सकता है। पूर्ण ऑटो लेवलिंग सिस्टम के साथ, यह बेजोड़ चिकनी सडक़ पूरी करता है और एक्सप्रेसवे, एनएचएआई, एसएच और पीडब्ल्यूडी सडक़ों के लिए व्यापक रूप से उपयोग किया जा सकता है। एससीएम2000सी-8एस: पेश है सैनी भारत का पहला ट्रैक कोल्ड मिलर। कोल्ड मिलर का व्यापक रूप से मरम्मत के लिए पुरानी परत को मिलाने के लिए सडक़ों के रखरखाव में उपयोग किया जाता है और यह एक बार में 2 मीटर चौड़ाई तक की सडक़ को आसानी से मिला सकता है और अधिकतर उच्च मिलिंग मात्रा के लिए उपयुक्त है। एक शक्तिशाली इंजन से लैस, यह आसानी से किसी भी स्तर को मिला सकता है और इसकी धूल हटाने की प्रणाली धूल को पर्यावरण में लीक होने से रोकती है। यह पूरी तरह से ऑटोमेटिक लेवलिंग सिस्टम है जिसमें कम लोगों की आवश्यकता होती है। एसवाई20यू- ज़ीरो टेल स्विंग, बूम ऑफसेट और स्विंग सुविधाओं के साथ सैनी का 2 टन माइक्रो मिनी एक्सक्वेटर जो इसे कॉम्पैक्ट स्थानों में अधिक अनुकूलनीय बनाता है।




## मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलायें

सतना 30 जनवरी 2023/सोमवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अधीनस्थ कर्मचारियों को फील्ड पर भेजकर मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलवाना सुनिश्चित करायें। योजना के तीसरे चरण में जिन पात्र हितग्राहियों द्वारा आवेदन नहीं किया गया है, उनके आवेदन प्राप्त कर योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। साथ ही माह फरवरी 2023 तक भू-अधिकार योजना के आवेदन पत्रों का निराकरण करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर संस्कृति जैन, सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े, आयुक्त नगर निगम राजेश शाही एसडीएम धीरेन्द्र सिंह, पीएस त्रिपाठी, नीरज खरे, एसके गुप्ता, राजेश मेहता, धर्मेन्द्र मिश्रा, एचके धुर्वे, सुधीर बेक, केके पांडेय सहित जनपद पंचायतों के सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ एवं विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने यहां सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में संतुष्टिपूर्ण निराकरण का वेटेज बढ़ाएं और जिले की ग्रेडिंग में सुधार लाएं। कलेक्टर ने सीएम राइज स्कूलों के संचालन का क्रियान्वयन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवायें, मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना, कृत्रिम अंग उपकरण वितरण, संबल योजना के तहत पंजीयन की स्थिति, अनुग्रह सहायता/निराकरण, लैंड रिकॉर्ड लिंकिंग, एनपीसीआई, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, स्वामित्व योजना, जल जीवन मिशन, राशन दुकानों में खाद्यान्न उठाव एवं वितरण तथा राशन दुकानों की जांच अधिकारियों के प्रतिवेदनों की समीक्षा की।

# केन्द्रीय बजट में 2023-24 में क्या खास

## इनकम टैक्स पर वित्त मंत्री का एलान- सात लाख रुपये तक की आमदनी पर नहीं देना होगा कोई टैक्स वित्त मंत्रा

नेक्स्ट जेनेरेशन टैक्स फॉर्म जारी किया जाएगा. जो सरल होगा. आसानी से टैक्स भरा जा सके इसके लिए नेक्स्ट जेनेरेशन टैक्स फॉर्म जारी किया जाएगा. कोऑपरेशन सेक्टर में 31 मार्च 2024 तक काम शुरू करने वाली नई कंपनियों को 15 फीसदी दी छूट दी जाएगी. अभी सालाना पांच लाख तक की आय पर लोग कोई आय टैक्स नहीं देते. इस स्तर को न्यू टैक्स रिज़ीम में सात लाख करने का प्रस्ताव रखा गया है. साल 2020 में पर्सनल टैक्स रिज़ीम में छह दरें जो दी गई थीं, इसे घटा कर पांच स्तर तक किया जाएगा. 0-3 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा. 3 से 6 लाख तक की आय पर 5 फ़ीसदी टैक्स लगेगा. 6 से 9 लाख तक की आय पर 10 फ़ीसदी टैक्स लगेगा. 9 से 12 लाख तक की आय पर 15 फ़ीसदी टैक्स लगेगा. 12 से15 लाख तक की आय पर 20 फ़ीसदी टैक्स लगेगा. 15 साख से से अधिक में 30 फ़ीसदी टैक्स लगेगा. नौ लाख तक की आय पर व्यक्ति को 45 हज़ार का टैक्स दोना होगा. 15 लाख की आय पर 1.5 लाख या 10 फीसदी का टैक्स देना होगा

### ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा दिया जाएगा

लीथियम आयन बैटरी बनाने के लिए ज़रूरी सामान के आयात में कस्टम ड्यूटी में दी गई छूट जारी रहेगी. कैमरा लेन्स और लीथियम आयन बैटरी जैसे मोबाइल फ़ोन उत्पादन में लगने वाले ज़रूरी सामान के आयात में कस्टम ड्यूटी में दी गई छूट जारी रहेगी. डीनेचर्ड इथाइल एल्कोहॉल से कस्टम ड्यूटी हटाने का प्रस्ताव. क्रूड ग्लिसिरीन पर लगे कस्टम ड्यूटी को 7.5 से घटाकर 2.5 करने का प्रस्ताव. चांदी पर लगने वाली कस्टम ड्यूटी को बढ़ाया जाएगा ताकि वो सोने और प्लैटिनम पर लगी कस्टम ड्यूटी के बराबर हो सके. सिगरेट पर लगे कस्टम ड्यूटी को तीन साल से नहीं बढ़ाया गया है. इसे बढ़ाकर 16 फीसदी करने का प्रस्ताव है।










प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 2 लाख करोड़ रुपये केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है. अंत्योदय योजना के तहत गरीबों के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है. एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम को बदलने के प्रस्ताव पर काम इस साल एक अप्रैल में शुरू होगा. इसके लिए 9000 करोड़ के कॉर्पस का प्रावधान किया गया है. नेशनल फ़ाइनेन्शियल रजिस्ट्री फ़ॉर फ़ाइनेन्शियल स्ट्रैटेजी बनाया जाएगा. सेंट्रल प्रेसेसिंग सेंटर बनाया जाएगा ताकि कंपनियों के द्वारा फाइल किए जा रहे दस्तवेज़ों का जल्द निपटारा हो. गोवर्धन योजना के लिए 10 हज़ार करोड़ का आवंटन किया जाएगा. इसके लिए ज़रूरी राहत दी जाएगी सरकार एक करोड़ किसानों को ऑर्गेनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करेगी, इसके लिए 10 हज़ार बायो इनपुट रिसर्च सेंटर बनाए जाएंगे. प्रदूषण फैलाने वाली गाड़ियों की रीप्लेसिंग बेहद महत्वपूर्ण काम है, ये सतत ऊर्जा की राह में बड़ा कदम है. केंद्र सरकार की पुरानी गाड़ियों और एबुलेंस को नष्ट करने के लिए मदद की जाएगी. इसके लिए राज्य सरकारों को भी मदद दी जाएगी. अगले तीन सालौं में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 योजना लॉन्च की जाएगी, जिसमें इंडस्ट्री बेस्ट पाठ्यक्रम पर फोकस किया जाएगा. युवाओं को अंतरराष्ट्रीय बाज़ार के लिए तैयार करने के लिए अलग-अलग राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर बनाए जाएंगे. डायरेक्ट बेनिफ़िट स्कीम के तहत छात्रों की मदद के लिए भी स्कीम लॉन्च की जाएगी. इससे 47 लाख युवाओं की मदद होगी. पर्यटन को भी बढ़ावा देने की पूरी कोशिश होगी. देखो अपना देश योजना के तहत घरेलू पर्यटन को बढ़ाया दिया जा रहा है, इसके तहत सीमा के इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। मेनहोल या सीवर की सफाई का काम इंसानों के द्वारा न किया जाए और इसे मशीनों के ज़रिए किया जाए, इसके लिए ये काम 100 फ़ीसदी मशीनों से हो, ये कोशिश की जाएगी. डिजिटल लेनदेन के लिए पहचान के तौर पर आधार कार्ड को भी स्वीकार किया जाएगा. लैब में बनाए जाने वाले डायमंड में नौकरियां पैदा होने की संभावना है. इस मामले में आयात पर निर्भरता कम करने के लिए रिसर्च के काम को बढ़ाया जाएगा. न्याय मिलने में देरी न हो इसके लिए ई-कोर्ट के लिए सात हज़ार करोड़ का आवंटन किया जाएगा. ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम को पर्यावरण सुरक्षा क़ानून के तहत लाया जाएगा. पीएम प्रणाम नाम का नया कार्यक्रम शुरू किया जाएगा जिसके तहत कृत्रिम खाद की इस्तेमाल को कम कर नैचुरल खाद के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा. पीएम आवास योजना में 66 फ़ीसदी बढ़ोतरी की जाएगी और 79 हज़ार करोड़ रुपयों का आवंटन किया जाएगा. राज्य सरकारों को जो 50 सालों के लिए इंटरेस्ट फ्री लोन दिया गया है उसे एक और साल के लिए बढ़ाया जाएगा. भारतीय रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ का आवंटन करने की व्यवस्था की गई है, जो अब तक का सबसे बड़ा है. इससे पहले 2013-14 में जो आवंटन किया गया था ये उससे 9 गुना अधिक है. 50 और एयरपोर्ट, हेलिपैड और पोर्ट के पास पैड या तो बनाए जाएंगे या फिर उन्हें फिर से रीवाइव किया जाएगा.



## होम्योपैथी एक्सक्लूसिव या एड ऑन ट्रीटमेंट के रूप में कैंसर के मरीजों को फ़ायदा मिलेगा

नोएडा डॉ. कुशाल बनर्जी, वरिष्ठ होम्योपैथ, डॉ. कल्याण बनर्जी क्लिनिक, ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया ङ्खकैंसर विशिष्ट होम्योपैथिक ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल कैंसर रोगियों को जीवन की गुणवत्ता और जीवित रहने की संभावना में सुधार करने में मदद कर सकती हैं। कीमोथेरेपी, रेडिएशन, और कैंसर सर्जरी से गुजरने वाले कैंसर रोगियों के लिए डॉ. कल्याण बनर्जी क्लिनिक द्वारा निर्धारित होम्योपैथिक उपचार प्रोटोकॉल से मरीज की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है और, कई मामलों में, जीवन प्रत्याशा को भी बढ़ाया है। डॉ. कल्याण बनर्जी के क्लिनिक में निर्धारित होम्योपैथिक ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल को 40 वर्षों में विकसित किया गया है और कैंसर को कम करने या रोकने में योगदान करने, कैंसर के उपचार के दुष्प्रभावों को कम करने और उन्हें लंबे समय तक और जीवन की उच्च गुणवत्ता के साथ जीवन जीने में मदद करता है। आज, क्लिनिक हर दिन 100 से अधिक कैंसर रोगियों को नुस्खा प्रदान करता है।पारंपरिक कैंसर उपचार में कीमोथेरेपी (हार्मोनल थेरेपी के साथ), रेडिएशन थेरेपी और कैंसर सर्जरी शामिल है। रोगी की उम्र, स्वास्थ्य की स्थिति, कैंसर के स्टेज जैसे विभिन्न कारणों के आधार पर, इन ट्रीटमेंट का एक संयोजन रोगी को निर्धारित किया जाता है। इन ट्रेडिशनल ट्रीटमेंट की वजह से मतली, उल्टी, सर्जिकल साइट की गैर-हीलिंग जैसे विभिन्न प्रकार के दुष्प्रभावों हो जाते है। इसके अतिरिक्त, साइड इफेक्ट्स जैसे कि साइट के सेकेंडरी संक्रमण या किसी अन्य सिस्टम के पुनरावर्ती चरण के दौरान, दर्द, वजन घटना या बढ़ना, रक्त कोशिकाओं को नुकसान, दस्त, दांतों की सड़न, बालों का झड़ना और थकान भी देखी जाती है। साइड इफेक्ट की गंभीरता और प्रकार हर रोगी में अलग होते है। कभी -कभी, गंभीर साइड इफेक्ट से अंग की विफलता और अन्य गंभीर जटिलताओं हो सकती है।डॉ. कुशाल बनर्जी ने बताया, हमारे ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल ट्रेडिशनल कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम करने में सक्षम हैं। हर दिन, हम कैंसर के ट्रीटमेंट के लिए और ट्रेडिशनल कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्प्रभावों के प्रबंधन के लिए लगभग सौ रोगियों को होम्योपैथिक दवा लिखते हैं। इस होम्योपैथिक उपचार प्रोटोकॉल को क्लिनिक में दशकों में कैंसर रोगियों की एक उच्च संख्या के प्रबंधन के बाद ऑब्जरवेशन और क्लिनिकल डेटा के आधार पर प्रमाणित किया गया है। हमारे इंटरनल डेटा से पता चलता है कि हमारी प्रोटोकॉल प्रभावी हैं और रोगियों की संपूर्ण स्थिति में सुधार करती हैं। हर साल, हम लगातार अपने कैंसर ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल को दुनिया भर के हजारों रोगियों को कैंसर का प्रबंधन करने और पारंपरिक कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए प्रदान कर रहे हैं। हमारे मरीजों की प्रतिक्रियाओं से पता चलता है कि मरीजों को हमारे ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल से फ़ायदा पहुच रहा है। पद्म श्री प्राप्तकर्ता, डॉ. कल्याण बनर्जी, संस्थापक डॉ. कल्याण बनर्जी क्लिनिक, ने बताया, ठहमारे क्लिनिक में किए गए कैंसर से संबंधित विश्लेषण से पता चला है कि क्लिनिक में इलाज किए गए 70ज्ञ से अधिक कैंसर रोगियों का पहले से ही ट्रेडिशनल ट्रीटमेंट हो चुका था, लेकिन उन्हें इससे कोई फायदा नहीं हुआ था। क्लिनिक से होम्योपैथिक ट्रीटमेंट लेने के बाद, उन्नत हेपेटो-सेलुलर कार्सिनोमा के 30ज्ञ से अधिक रोगी ट्रेडिशनल ट्रीटमेंट के तहत 24 महीनों के अधिकतम समय से ज्यादा जीवित रहे। इसी तरह, ओरल कैविटी के शुरुआती स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा के 90ज्ञ से अधिक रोगियों ने पांच साल तक जीवित रहने के निशान को पार किया, जो ट्रेडिशनल ट्रीटमेंट के बराबर है। अध्ययन यह भी इंगित करता है कि कई रोगी हमारे क्लिनिक से होम्योपैथिक उपचार प्रोटोकॉल के साथ ग्लियोब्लास्टोमा मल्टीफॉर्म के पांच साल के जीवित रहने के प्रतिशत को पार करने में सक्षम थे। इसके अतिरिक्त, विश्लेषण ने फेफड़ों, अग्न्याशय और अंडाशय के कैंसर के उन्नत चरणों में रोगियों के लिए सर्वाइवल के अनुमानों से बेहतर किया , जिन्होंने कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी से कोई लाभ नही मिला था। डॉ. कुशाल बनर्जी ने आखिर में बताया, देश में विभिन्न प्रकार के कैंसर के बढ़ते बोझ की चुनौती को संबोधित करने की तुरंत आवश्यकता है। होम्योपैथी 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' के अनुसार दुनिया भर में प्रचलित चिकित्सा का दूसरा सबसे विश्वसनीय रूप है और वर्षों से लोगों ने इसकी प्रभावशीलता और सुरक्षा के कारण चिकित्सा की प्रणाली में बहुत विश्वास दिखाया है। पिछले कुछ सालों में, कैंसर सहित विभिन्न रोगों के लिए होम्योपैथिक ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल विकसित और उन्नत हुए हैं। होम्योपैथी आज एक संपूरक सिस्टम उपलब्ध कराती है जो ट्रेडिशनल कैंसर ट्रीटमेंट की विभिन्न चुनौतियों का समाधान कर सकती है। क्लिनिकल परिणामों के हमारे साक्ष्य-आधारित मूल्यांकन से पता चलता है कि होम्योपैथी व्यक्तिगत रूप से, या ट्रेडिशनल थेरेपी के साथ संयोजन में कैंसर रोगियों को बीमारी का प्रबंधन करने और व्यवस्थित रूप से रोगियों की जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने का एक प्रभावी तरीका प्रदान करती है।





## संक्षिप्त समाचार

### चंद्रशेखर आडवाणी से लेकर राहुल गांधी तककिन-किन नेताओं ने की 'सड़क की राजनीति'

(आधुनिक समाचार सेवा)
**श्रीनगर।** राहुल गांधी की अगुआई वाली भारत जोड़ो यात्रा 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर 145 दिन के बाद आज सोमवार को समाप्त हो रही है। राहुल ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा की। उन्होंने अपनी यात्रा से भाजपा पर कई बड़े हमले किए। राहुल ने भाजपा पर देश को बांटने और हिंसा फैलाने का भी आरोप लगाया। इस बीच कई राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि राहुल की इस यात्रा से उन्हें चुनावी फायदा मिल सकता है। राहुल से पहले हाल के दशकों में भारत में कई राजनीतिक नेताओं द्वारा



पदयात्राएं की गई हैं, आइए उनके बारे में जानें लगभग चार दशक पहले, पूर्व प्रधानमंत्री और तत्कालीन जनता पार्टी के नेता चंद्रशेखर ने भी कन्याकुमारी से एक पदयात्रा शुरू की थी। यहां से कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा भी पिछले साल 8 सितंबर को शुरू हुई थी। 6 जनवरी 1983 को शुरू होने के छह महीने बाद उस समय चंद्रशेखर को 'मैराथन मैन' जैसा उपनाम मिला। अपने मार्च के दौरान लोगों से जुड़ने के लिए गांव-गांव से गुजरते हुए उनका कद और यात्रा के प्रति आकर्षण बढ़ता गया।हालांकि, इंदिरा गांधी की हत्या जैसी घटना ने 1984 के चुनावों में इसके प्रभाव को कम कर दिया। 1985 में कांग्रेस संदेश यात्रा की घोषणा तत्कालीन प्रधानमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गांधी ने मुंबई में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्ण सत्र में की थी। प्रदेश कांग्रेस कमेटियों (पीसीसी) और कांग्रेस नेताओं ने मुंबई, कश्मीर, कन्याकुमारी और पूर्वोत्तर से एक साथ चार यात्राओं के रूप में यात्रा की। यात्रा तीन महीने से अधिक समय के बाद दिल्ली के रामलीला मैदान में संपन्न हुई।अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन को गति देने के लिए रथ यात्रा निकाली गई।

# 2 शराब तस्कर गिरफ्तार कब्जे से 78 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** थाना फेस-2 पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 2 शराब तस्कर सूरज पुत्र बासुदेव निवासी ग्राम





कोलुआ, थाना सिहोनिया, जिला मुरैना (मध्यप्रदेश) वर्तमान पता गली-1, सपेरा बस्ती, नया गांव, थाना फेस-2, नोएडा को थाना क्षेत्र के निमी बिहार पार्क के सामने सेक्टर-88, नोएडा, से व फैजान पुत्र अली अहमद निवासी ग्राम मौ0-सराय कस्बा व थाना कुरावली, जिला मैनपुरी, वर्तमान पता ठेके वाली गली, ग्राम भंगेल, थाना फेस-2 को थाना क्षेत्र के सिटी पार्क सेक्टर-93, फ्लाईओवर वाले कट, नोएडा के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त सूरज के कब्जे से 38 पव्वे अवैध देशी शराब व अभियुक्त फैजान के कब्जे से 40 पव्वे अवैध देशी शराब किये गये है। अभियुक्त शातिर किस्म के शराब तस्कर है जो अवैध शराब बेचकर अवैध धन अर्जित करते थे।

# झुग्गी बस्ती सेक्टर- 50 में जरुरतमंद लोगो को कपड़ों का किया वितरण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** गरीब जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए दीदी की रसोई ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे राहत अभियान



के तहत ट्रस्ट की अध्यक्ष व समाजसेविका रितु सिंहा, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त शर्मा, ट्रस्ट की पदाधिकारी गुड़िया देवी, रेखा चौहान, रोहणी, पिंकी आदि ने झुग्गी बस्ती सेक्टर- 50, नोएडा पर गरीब जरुरतमंद लोगो को गर्म कपड़े, शॉल, चादर, स्वेटर, पैंट, शर्ट, कोट आदि का वितरण किया। सोशल एक्टिविस्ट्स गंगेश्वर दत्त शर्मा, रितु सिन्हा ने बताया कि दीदी की रसोई ट्रस्ट द्वारा लगातार निशुल्क भोजन एवं गर्म कपड़े, कम्बल, साल, चादर, जरूरत का अन्य सामान आदि का वितरण किया जा रहा है और हमारा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पोलो कार लूट का पर्दाफाश करते हुये 2 लुटेरे गिरफ्तार

## कब्जे से लूट की पोलो कार व एक तमंचा, 1 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 पुलिस द्वारा, पोलो कार लूट का पर्दाफाश करते हुये 2 लुटेरे अभियुक्तों 1. अजय कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी म0नं0 11, गली नं0 01, शहीद भगत सिंह कालोनी थाना करावल नगर दिल्ली-94 2. अर्जुन शर्मा उर्फ छोटू पुत्र रमेशचन्द्र शर्मा निवासी ग्राम यावापुर पोस्ट डिवाई जिरौली थाना जिरौली जिला बुलन्दशहर वर्तमान पता अनिल शर्मा का मकान ए-3/36 नेहरू नियर अग्रसेन पब्लिक स्कूल खोडा कालोनी थाना खोडा जनपद गाजियाबाद को डी पार्क के पास सेक्टर-62, नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। कब्जे से लूटी गयी पोलो कार रजि0 नं0 डीएल12सीएल-9209 व एक तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद। **विवरण :-** अभियुक्तगण 1. अजय कुमार 2. अर्जुन शर्मा उर्फ छोटू ने पूछताछ पर बताया कि अपने भागे हुये फरार साथी प्रशान्त शुक्ला उर्फ अन्नू प्रेमचन्द्र शुक्ला निवासी मुकुन्द विहार करावल नगर दिल्ली के साथ मिलकर लूट करने के उद्देश्य से



अपाची चुराकर आये थे इसी अपाची पर सवार होकर दिनांक 28.01.2023 की रात्रि में ब्लूम होटल सैक्टर-62, नोएडा के पास से एक महिला से पोलो कार की चांबी छीन कर कार को लेकर फरार हो गए थे, उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना सैक्टर-58, नोएडा पर मु0अ0सं0-53/2023 धारा 392 भादवि पंजीकृत किया गया, जिसपर तत्काल कार्यवाही कर उक्त अभियोग का अनावरण करते हुये थाना सैक्टर-58, नोएडा की पुलिस द्वारा दो अभियुक्तगण को मय लूट के कार सहित गिरफ्तार किया।**अभियुक्तों का विवरणः** 1. अजय कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी म0नं0 11, गली नं0 01, शहीद भगत सिंह कालोनी थाना करावल नगर दिल्ली-94 2.अर्जुन शर्मा उर्फ छोटू पुत्र रमेशचन्द्र शर्मा निवासी ग्राम यावापुर पोस्ट डिवाई जिरौली थाना जिरौली जिला बुलन्दशहर हाल पता अनिल शर्मा का मकान ए-3/36 नेहरू नियर अग्रसेन पब्लिक स्कूल खोडा कालोनी थाना खोडा जनपद गाजियाबाद **फरार अभियुक्त का नाम पता :-** प्रशान्त शुक्ला उर्फ अन्नू प्रेमचन्द्र शुक्ला निवासी मुकुन्द विहार करावल नगर दिल्ली पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरणः1.मु0अ0सं0-53/2023 धारा 392 भादवि थाना सेक्टर-58, नोएडा गौतमबुद्धनगर।2.मु0अ0सं0-56/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर-58, नोएडा गौतमबुद्धनगर।**बरामदगी का विवरणः-**1.लूटी गयी पोलो कार रजि0 नं0 डीएल12सीएल-9209 (सम्बन्धित मु0अ0सं0-53/2023 धारा 392 भादवि थाना सैक्टर-58,नोएडा) 2. एक तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

# भारत सरकार द्वारा नवीन सत्र 2023–24 के लिए प्रस्तुत बजट पर दिया धन्यवादःश्रीकांत चतुर्वेदी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर ।**भारत सरकार द्वारा सत्र 2023-24 के लिए प्रस्तुत बजट पर बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी ने देश के प्रधानमंत्री एवं वित्तमंत्री को दिया धन्यवाद केंद्र सरकार ने आज नवीन सत्र के लिए बजट घोषित किया, जिसकी सराहना करते हुए श्री चतुर्वेदी ने कहा कि 2023-24 का यह बजट हम लोगों की उम्मीदों के अनुरूप बजट है हमें सरकार से आशा थी कि मिडिल क्लास को राहत देने वाला बजट हो, तो वास्तव मे यह बजट मिडिल क्लास को राहत देने के साथ सकारात्मक बदलाव वाला बजट है श्री चतुर्वेदी ने अपने कथन को आगे बढ़ाते हुए कहा कि यह अलग बात है कि कुंठित मानसिकता के चलते कुछ लोगों को इसमें कमियां नजर आना स्वाभाविक है लेकिन वास्तव में इस बजट में वह सब कुछ है जो होना चाहिए त् इनकम टैक्स में जो स्लेप् सिस्टम लाए हैं वह सराहनीय है नया बजट विकास के अभियान को और गति प्रदान करते हुये भारत को सुपर इकोनामी बनाने वाला बजट है इसमें किसानों को भी विशेष फंड देने का प्रावधान रखा गया है जो कि सराहनीय है,और सबसे बड़ी बात है कि रक्षा बजट में 16 अधिक धन राशि का प्रावधान रखा गया है जो अभी तक का सबसे बड़ा तोहफा है जो देश



की रक्षा को और मजबूती प्रदान करेगा त् विगत कुछ महीनों से प्रधानमंत्री आवास की किस्तों और नवीन आवंटन में बजट की कमी की बात सामने आ रही थी, तो इस बजट में पीएम आवास योजना के लिए 66 की बढ़ोतरी ने स्पष्ट कर दिया है कि गरीबों के लिए सरकार की नीति और कार्यशैली स्पष्ट है और भविष्य में हर गरीब के सर पर छत का सपना पूरा करने मोदी सरकार कृत संकल्पित है त् कुल मिलाकर नया बजट गरीबों के हित, देश की सुरक्षा, किसानों के हित आदि के साथ सभी के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया संपूर्ण बजट कहा जा सकता है इस बजट के लिए देश यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद मोदी एवं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद।

# श्रीलंकन एयरलाइंस सिर्फ ईंधन भरने के लिए चेन्नई भेजती थी खाली विमान

**कोलंबो।** श्रीलंकन एयरलाइंस नियमित रूप से भारत में ईंधन भराने के लिए कोलंबो से चेन्नई तक यात्रियों के बिना एक बड़ा एयरबस लेकर आती थी। फिर उस ईंधन का इस्तेमाल पास के गंतव्यों पर जाने वाले अपने अन्य विमानों को भरने के लिए करती थी। पिछले साल जुलाई और अगस्त में वाणिज्यिक उड़ानों के लिए विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) पूरी तरह से समाप्त हो गया था। चेन्नई तक क्रू का एक सेट जाता था श्रीलंकन एयरलाइंस के सीईओ रिचर्ड न्यूटॉल ने सोमवार को बताया, "लंदन, पेरिस, टोक्यो, मेलबर्न और सिडनी के लिए हमारी लंबी उड़ानों को संचालित करने वाला चालक दल का एक सेट चेन्नई में उतरता था। चेन्नई में तैनात चालक दल का एक और सेट दूर के गंतव्यों के लिए आगे की उड़ानें संचालित करता था।" जुलाई और अगस्त 2022 में ये उड़ानें भारत में ईंधन भरने और चालक दल में बदलाव के लिए उसी तकनीकी स्टाफ को वापस कोलंबो ले जाती थीं। उन दो महीनों के दौरान एयरलाइन बिना यात्रियों के चेन्नई के लिए एक 330 भेजती थी और बस वहां से ईंधन




भरकर कोलंबो लौट जाती थी। हम इस उड़ान से ईंधन लेते थे और नियमों के अनुसार, इसे केवल अपने अन्य विमानों के लिए इस्तेमाल कर सकते थे। इसका उपयोग खाड़ी जैसे देशों में आसपास के गंतव्यों पर जाने वाले विमानों को टॉपअप करने के लिए किया जाता था। ब्रिटिश विमानन दिग्गज न्यूटॉल साल 1988 से आठ एयरलाइनों में सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत से लाए गए ईंधन में से हमें अपने पास कुछ ईंधन रखने की जरूरत होती थी।

# आम बजट 2023-24 पर चर्चा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** मोदी सरकार का यह पांचवा बजट है जिसे भारत सरकार की वित्त मंत्री सीता रमण ने सदन में पेश किया। इसको लेकर हमारे नोएडा ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ल ने लोगों से बातचीत किया और लोगों की मिली जुली प्रतिक्रियाओं को सुना। 1- वित्त मंत्री सीतारमण ने भारत सरकार का पांचवा खोखला बजट पेश किया जैसे वे अपने पिछले 4 बजट पेश कर चुकी है ऐसा ही पांचवा बजट रहा नए पिटारे में पुराना नमूना जब आम आदमी की आमदनी ही नहीं है तो 7 लाख रुपए की छूट का क्यों ढिंढोरा पीटना 2016 में मोदी जी ने किसानों से वादा किया था कि किसानों की आमदनी दुगनी कर देंगे वह आमदनी दुगने की जगह आधी रह गई लघु उद्योग बंद होने के कगार पर है महंगाई, गरीबी , बेरोजगारी ,अपनी चरम सीमा पार कर चुकी है ! लोगों के पास नौकरियां नहीं है कॉर्पोरेट जगत में नौकरियों में छटनी करने पर लगे हुए हैं । भाजपा सरकार बजट का दसवां शतक पूरा कर रही है जब पहले कुछ नहीं दिया तो आज क्या देगी लोगों को उम्मीद थी बजट आएगा राहत मिलेगी हमारी आमद बढ़ेगी ! लेकिन वही खोखले वादों के अलावा कुछ नहीं। **विपिन अग्रवाल (उपाध्यक्ष) समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर** 2- मध्यम वर्ग की बल्ले-बल्ले हो गयी है। अब सात लाख की इनकम पर टैक्स नहीं देना पडेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का आम बजट पेश किया है। उन्होंने आयकर को लेकर बड़ा एलान किया है। मिडिल क्लास वर्ग जिसका इंतजार कर रहा था, वित्त मंत्री ने उसकी घोषणा कर दी है। इससे मिडिल क्लास के लोगो को फ़ायदा होगा और वरिष्ठ नागरिकों के लिए एवं महिलाओं के लिए नई बचत योजना एवं युवाओं के लिए ध्यान रखा गया है इस बार के बजट को गरीब और मध्यम वर्ग के लोगो को ध्यान में रखा गया



है। **शैलेन्द्र मिश्रा (अध्यक्ष ) अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद** 3- मोदी सरकार का बजट 2.0 को हम आम आदमी का बजट कहें तो गलत नहीं होगा, इस बजट मे सरकार सभी वर्गों का ध्यान रखा है, एक और पर्यावरण संरक्षण को बढावा देने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन व बैट्री सस्ते किए है वहीं महिला व बुजुर्गों का भी इस बजट मे ध्यान रखा गया है, देश की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई सेक्टर को राहत दी है जिससे रोजगार मे वृद्धि होगी व लोगों का रुझान नई स्टार्ट एप सुरु करने बढ़ेगा, माध्यम वर्ग के लिए आयकर सीमा 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख करने से एक स्थिरता व विश्वास का भाव बढ़ेगा, सिगरेट महँगी हुई जो सराहनीय है, मेरे हिसाब से माननीय निर्मला सीता रमण ने इस व्यवस्थित व अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने वाला बजट पेश किया । **राजीव शर्मा (एडवोकेट) पर्यावरण संरक्षक** 4- बजट 2023 को अगले साल होने वाले आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है। इस बजट में मध्यम वर्ग को कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन सरकार ने किसानों के लिए एमएसपी, रोजगार और युवाओं के लिए इस बजट में कुछ नहीं कहा है। इस बजट में रेलवे की भी उपेक्षा की गई है। यह एक निराश करने वाला बजट है। **पंकज झा (युवा नेता ) जिला सदस्य समाज वादी पार्टी** 5- यह बजट बहुत ही सराहनीय है। इस बजट में हर वर्ग को ध्यान में रखा गया। विशेष रूप से मध्यम वर्ग को 5 लाख के स्थान पर 7 लाख पर टैक्स छूट से लोगों मे बडी प्रसन्नता हुई है । कुल मिलाकर बहुत ही उम्दा बजट वित्त मंत्री सीता रमण ने सदन में पेश किया। **रवि राघव (सचिव) भारतीय किसान यूनियन भानू** 6- भारतीय जनता पार्टी सरकार का यह पांचवा बजट है। और यह बजट बहुत ही सराहनीय है। इस बजट से आम जनमानस में खुशहाली देखी जा सकती है। हर तबके के लोगों को ध्यान में रखा गया है। मध्यम वर्ग को विशेष तवज्जों दी गयी है। टैक्स से भारी राहत मिली है। **श्रीमती संतोष सिह (नेता ) भाजपा महिला मोर्चा।**

# जेके टायर ने ऑफ-द-रोड (ओटीआर) टायर सेगमेन्ट में अपनी स्थिति को और मजबूत बनाया

नोएडा देश के अग्रणी टायर निर्माताओं में से जेके टायर भारतीय टायर उद्योग में इनोवेशन्स लाने में अग्रणी रही है और इसी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए कंपनी ने आज बॉमा एक्सपो 2023 में तीन नए ऑफ-द-रोड (ओटीआर) टायर्स लॉन्च किए। ये नए 26.5-25 कंपनी के मौजूदा पोर्टफोलियो को और अधिक सशक्त बनाएंगे। अल्ट्रा जो सबसे चुनौतीपूर्ण भारतीय परिस्थितियों में सर्वश्रेष्ठ परफोर्मेन्स दें और टिकाऊ बने रहें। हमें विश्वास है कि ये तीन नए टायर अपनी कैटेगरी में बेहतरीन साबित होंगे और ओटीआर टायर बाज़ार में हमारी स्थिति को और अधिक मजबूत बनाएंगे।'व्हील लोडर्स एवं आर्टीकुलेटेड डम्पर्स के लिए डिज़ाइन किया गया प्रीमियम हैवी-




लार्ज ओटीआर टायर कैटेगरी में लीडर, कंपनी भारत के सबसे बड़े टायर साइज़- 40.00-57, 12 फीट डायामीटर और तकरीबन 3400 किलोग्राम वज़न - के निर्माण में अग्रणी है। कंपनी ने दो सबसे बड़े ऑफ-द-रोड टायर 12 फीट ऊँचाई और लगभग 3.4 टन के 045 के लिए प्रतिष्ठित लिमका बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी अपना नाम दर्ज कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उद्योग जगत एवं खनन की विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करने के लिए कंपनी अपने उत्पादों की व्यापक रेंज पेश करती है। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री अनुज कथुरिया, प्रेज़ीडेन्ट (भारत), जेके टायर एण्ड इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने कहा, "जेके टायर ने कई अत्याधुनिक एवं तकनीकी रूप से उन्नत प्रोडक्ट्स पेश किए हैं। ऑफ-द-रोड टायर सेगमेन्ट में हमारी मजबूत स्थिति इनोवेशन्स के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम ऐसे प्रोडक्ट्स लेकर आते हैं ड्यूटी प्रोडक्ट है, जो विशेष रूप से तैयार किए गए ट्रैड पैटर्न के साथ ज़्यादा टैड्रक्शन एवं बेहतर माइलेज देता है तथा खनन की मुश्किल परिस्थितियों में भी रेजिस्टेन्स को कम करता है। इसके अलावा स्किड स्टीयर लोडर्स के लिए दो नए टायर भी लॉन्च किए गए, जिन्हें खासतौर पर अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ारों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। ये टायर मटीरियल हैण्डलिंग उपकरणों एवं अन्य प्रकार के निर्माण उपकरणों के लिए (नॉन-हाईवे सर्विसेज़/एनएचएस के लिए) तैयार किए गए हैं। टायर में मौजूद सिलिका आधारित टैड्रड कम्पाउण्ड इसे बेहतर रेजिस्टेन्स देता है और टूट-फूट से सुरक्षित रखता है। इन टायरों में मजबूत चौड़ी दीवार और रिम गार्ड है जो बाहरी नुकसान के लिए ज़्यादा सुरक्षा देते हैं और रिम के निकले हुए किनारे में भी वाहन को नुकसान से बचाते हैं।

# ईगल स्पेशियली एबल्ड राइडर्स को शाइनिंग स्टार इंडिया अवार्ड – 2023

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** गाज़ियाबाद में शाइनिंग स्टार इंडिया सीज़न 4 का लाइव अवार्ड समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया। भारत के विभिन्न




शहरों के लोगों को उनकी व्यावसायिक सफलता और सामाजिक योगदान के आधार पर सम्मानित किया गया। जय हिंद राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष श्रीवास्तव मुख्य अतिथि थे। उन्होंने डॉ. विजय विराज (प्रबंध निदेशक), डॉ. निधि वर्मा (जूरी), डॉ. राबिया भाटिया (जूरी), बॉलीवुड स्टार श्री जुनैद हुसैन खान, प्रसिद्ध बॉडीबिल्डर दीपक नंदा (इंडियन रॉक) और प्रसिद्ध प्लस साइज मॉडल पारुल नंदा के साथ सभी चयनित विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। ईगल स्पेशियली एबल्ड राइडर्स की पब्लिक रिलेशन ऑफिसर मिस पूजा चौधरी को भारत की शीर्ष 100 प्रेरक महिलायों की श्रेणी में प्रतिष्ठित शाइनिंग स्टार इंडिया अवार्ड सीज़न 4 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विश्व की सबसे ऊँची सुगम्य जागरूकता राइड महिला सशक्तिकरण के लिए दिल्ली-कारगिल-दिल्ली 12 दिनों में 2500 कि.मी. की राइड रेट्रोफिटेड स्कूटी से सफलतापूर्वक संपन्न करने के उपलक्ष्य में दिया गया। सुगम्य जागरूकता राइड का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगो और महिलाओं में व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को वृद्धि करना तथा सशक्त बनाना है। कोरोना की पहली और दूसरी खतरनाक लहर में भी दिव्यांगों की सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया, जिसके लिए स्टार स्पोर्ट्स, एनडीटीवी (स्वच्छ भारत इंडिया) ने सम्मानित किया, रिपब्लिक ऑफ घाना (दक्षिण अफ्रीका) द्वारा मानवता के लिए अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी दिया जा चुका है। श्री आमिर (संस्थापक) ने बताया कि ईगल स्पेशली एबल्ड राइडर्स की स्थापना सामाजिक समस्याओं के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाने और दिव्यांग लोगों की ओर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से किया गया है, ज्यादातर मामलों में आप देखेंगे कि अगर परिवार में कोई दिव्यांग व्यक्ति है, तो परिवार के यात्रा या समारोह में भाग लेने के दौरान उन्हें अक्सर घर पर अकेला छोड़ दिया जाता है. हम इस धारणा को बदलना चाहते हैं कि दिव्यांग लोग बोझ हैं या किसी पर निर्भर हैं. आप लोगों को शब्दों के माध्यम से उतना प्रेरित नहीं कर सकते जितना आप एक दृश्य तत्व के माध्यम से कर सकते हैं. एक फिल्म आपके दिमाग में भाषण से ज्यादा देर तक रहती है, इसलिए, जब हम खुद यात्रा करते हैं, तो हम एक संदेश भेजते हैं कि अगर हम दिल्ली से स्कूटर पर आपके पास आ सकते हैं, तो आपको भी अपने घर से बाहर निकल जाना चाहिए।

# 'पठान' के बाद पठान 2 में जलवा दिखाएंगे शाह रुख खान सीक्वल पर बोले किंग खान- 'मेरे लिए गर्व की बात

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** शाह रुख खान की कमबैक फिल्म पठान ने बॉक्स ऑफिस पर गदर मचा दिया है। सोचा भी नहीं होगा कि शाह रुख का धमाका इतना जोर का होगा कि यह फिल्म छह दिनों में ही 600 करोड़ से ज्यादा कमा ले जाएगी। 'पठान हिट हुई है। उसके बाद क्या बनाएंगे?' वहां मौजूद लोगों ने जवाब में पठान 2 का नाम लिया, तो सिद्धार्थ आनंद ने भी कह दिया






इस फिल्म ने कामयाबी की वो इबारत लिखी है, जिसकी कल्पना शायद ही किसी ने की हो। पठान फिल्म से शाह रुख खान ने चार साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की है और आते ही इस मूवी ने दमदार कलेक्शन का रिकॉर्ड बना दिया है।'पठान' से चार साल पहले रिलीज हुईं शाह रुख की फिल्में कुछ खास कमाल नहीं कर रही थीं। फिर 'पठान' को रिलीज से पहले काफी विरोध का सामना करना पड़ा। फिल्म का कुल सात राज्यों में विरोध किया गया। इन सबके बावजूद जब 25 जनवरी को फिल्म रिलीज हुई, तो किसी ने इस बीच 'पठान 2' को लेकर भी खबर सामने आई है।सोमवार को शाह रुख खान, दीपिका पादुकोण, जॉन अब्राहम ने निर्देशक सिद्धार्थ आनंद के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस कॉन्फ्रेंस में किंग खान और पूरी टीम ने मीडिया के साथ 'पठान' की सफलता का जश्न मनाया और बेबाकी से कई सवालों के जवाब दिए। इस बीच शाह रुख से 'पठान 2' के बारे में पूछा गया, जिसका उन्होंने कुछ ऐसा जवाब दिया, जिसे जानने के बाद फैंस खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, कॉन्फ्रेंस के दौरान सिद्धार्थ आनंद ने 'पठान 2' को लेकर हिंट दिया। उन्होंने कहा, 'इंशाअल्लाह।' इसके बाद शाह रुख ने कहा कि इतने वर्षों में इतनी बड़ी खुशी (फिल्म के लिहाज से) नहीं मिली। जब भी सिद्धार्थ चाहेंगे कि मैं पठान 2 में काम करूं, मैं करूंगा। शाह रुख ने कहा कि पठान 2 में काम करना उनके लिए गर्व की बात होगी। 'पठान' की बादशाहत पूरी दुनिया में कायम है। फिल्म ने छह दिनों के अंदर 600 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। अगर नेट कलेक्शन की भी बात करें, तो छह दिनों में 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। कुल मिलाकर शाह रुख खान की यह फिल्म हिट साबित हुई है।

# विराट कोहली संग पीएम मोदी के गुरु के आश्रम पहुंचीं अनुष्का, रजनीकांत भी जा चुके हैं दर्शन के लिए


(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और टीम इंडिया के क्रिकेटर विराट कोहली की जोड़ी



इंडस्ट्री के पावर कपल की लिस्ट में गिने जाते हैं। दोनों ही स्टार्स के फैंस बेहद प्यार करते हैं। एक बार फिर अनुष्का और विराट अध्यात्म की शरण में पहुंचे हैं। दोनों सोमवार को ऋषिकेश पहुंचे और यहां शीशम झाड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुरु स्वामी दयानंद सरस्वती के आश्रम गए। इस दौरान की तस्वीर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। सोमवार को विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ऋषिकेश पहुंचे हैं। इस दौरान विराट की मां भी उनके साथ थीं। रिपोर्ट की मानें तो आज यानी मंगलवार को भी ऋषिकेश में रुकेंगे। सभी ने शीशम झाड़ी में पहुंचकर ब्रह्मलीन दयानंद सरस्वती की समाधि के दर्शन किए। बता दें कि स्वामी दयानंद सरस्वती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी गुरु हैं। इस दौरान विराट कोहली ने समाधि स्थल पर 20 मिनट का ध्यान भी लगाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अनुष्का शर्मा, विराट कोहली ही नहीं बल्कि साउथ सुपरस्टार रजनीकांत भी स्वामी दयानंद के दर्शन के लिए उनकी समाधि स्थल पर आ चुके हैं। उनके अलावा कई अभिनेता और राजनीति से जुड़े लोग भी समाधि स्थल के दर्शन के लिए आ चुके हैं। बता दें कि पीएम मोदी साल 2015 में ऋषिकेश गए थे। इसी के बाद से ही ये आश्रम लोगों के बीच काफी चर्चा में आ गया है। रिपोर्ट की मानें तो विराट कोहली और अनुष्का शर्मा गंगा घाट पर पहुंचे और पंडितों के साथ गंगा आरती मां गंगा का आशीर्वाद भी लिया। इसके बाद उन्होंने आश्रम का सादा भोजन किया और फिर पूरे परिवार के साथ एक रिजॉर्ट में पहुंचे। रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को ऋषिकेश में रहने के दौरान वे आश्रम में होने वाले हवन-यज्ञ में भाग लेंगे। इसके बाद उनकी ओर से भंडारे का आयोजन करवाकर लोगों को प्रसाद बांटा जाएगा

# अपनी शायरी ट्विटर पर शेयर करने पर शायराना अंदाज में ट्रोल हुए आयुष्मान, दिया ये जवाब

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** आयुष्मान खुराना हर दिन अपने द्वारा लिखी शायरियां सोशल मीडिया अकाउंट्स पर शेयर करते हैं। सोमवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ। जब आयुष्मान ने फिर अपने द्वारा लिखी एक शायरी ट्विटर पर शेयर कर दी, लेकिन



इस बार उनकी ये शायरी एक फिमेल यूजर को कुछ खास पसंद नहीं आई और उसने आयुष्मान के ट्विट पर लिखा, 'आपके मन में जो भी आए वो शायरी नहीं है... ट्विटर आपकी पर्सनल डायरी नहीं है।' इसपर रिएक्ट करते हुए आयुष्मान ने उस यूजर को एक और शायरी लिखकर जवाब दिया। सोमवार को आयुष्मान ने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा, 'कभी मेरी अदा पे हुई दीवानी, कभी लगी उसे मेरे जिस्म की लत और जब हुई तो हुई आयुष्मान उसे मेरे बचपन से मोहब्बत।' इसपर एक यूजर ने रिएक्ट करते हुए कुछ शायराना अंदाज में ही जवाब दिया। यूजर ने लिखा, 'दिल में जो हर बात आए वो शायरी नहीं, ये ट्विटर है आयुष्मान, आपकी पर्सनल डायरी नहीं।' इसपर रिएक्ट करते हुए मंगलवार को आयुष्मान ने भी शायराना अंदाज में ही जवाब दिया। उन्होंने लिखा, 'मेरी शायरी कभी तुकबंदी तो कभी मेटर में है, जो मजा पर्सनल डायरी में नहीं वो ट्विटर में है। आयुष्मान के इस अंदाज पर उनके फैंस फिदा हो गए, और उसी अंदाज में कमेंट भी किए। एक फैन ने आयुष्मान की शर्टलेस पिक्चर के साथ लिखा, 'साल नया है फिलिंग पुरानी है, ठंड नहीं लगती जिंदा जवानी है। जाने कौन सी बाहार लाया है जनवरी मुझे तो दिसंबर भी नया सा लगता है। आयुष्मान के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्टर आखिरी बार फिल्म एक्शन हीरो में नजर आए थे। फिलहाल आयुष्मान विद्या बालन के साथ फिल्म ड्रीम गर्ल की शूटिंग में बिजी हैं।

# ऋतिक रोशनके लिए घर पर होस्ट की थी पार्टी, सामने आई तस्वीरें

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** बीते दिनों मुंबई में दो दिन के लिए म्यूजिक फेस्टिवल का आगाज हुआ था। इस म्यूजिक फेस्टिवल में कई आर्टिस्ट ने अपनी परफॉर्मेंस दी एपी ढिल्लों, ग्रेटा वैन फ्लीट, येलो डायरीज, इमेजिन ड्रैगंस, मैडब्वॉय मिंग, डिवाइन, रवीना, प्रतीक कुहड़ समेत के-पॉप स्टार जैक्सन वांग भी शामिल हुए थे। सिंगर ने 29 जनवरी को महालक्ष्मी रेस कोर्स में आयोजित में परफॉर्म किया था। अब वह सिंगर ने बॉलीवुड फेम एक्टर ऋतिक रोशन से भी मुलाकात की। सिंगर की खातिर एक्टर ऋतिक रोशन और उनके परिवार ने उनके लिए अपने घर पर एक छोटी-सी पार्टी होस्ट की थी। इसकी एक झलक जैक्सन वांग ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इस तस्वीर में ऋतिक रोशन, राकेश रोशन और पिंकी रोशन जैक्सन के साथ कैमरे में पोज देते नजर आ रहे हैं। बता दें जैक्सन वांग की परफॉर्मेंस के दौरान पूरा रोशन परिवार शामिल हुआ था। जैक्सन वांग ने इंस्टाग्राम पर अनी भारत यात्रा की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा। हमेशा यात्रा करना चाहता था। अंत में.. एयरपोर्ट पर आप सभी के साथ ऐसा अद्भुत अनुभव, आप सभी को शो में देखना, नए दोस्तों को संस्कृति का अनुभव। ऐसा सम्मान बहुत धन्य.. मुझे उम्मीद है कि मैं फिर वापस आऊंगा। बता दें कि जैक्सन वांग का जन्म हांगकांग में हुआ था। जैक्सन वांग रैपर, डांसर और सिंगर है। वह के-पॉप ग्रुप उध्ऊ7 के साथ साल 2015 से जुड़े थे। वह अपने सिंगल म्यूजिक एल्बम ॾेंगर्म्स्ह के लिए काफी मशहूर हैं। जैक्सन विजुअल्स और म्यूजिंक लेंथ के साथ एक्सपेरिंट करने को लेकर भी काफी फेमस हैं।




# सीजन का आखिरी नॉमिनेशन होगा खतरनाक, हर मिनट के हिसाब को बिगाड़ेगा ये मेहमान

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** बिग बॉस का गेम अब एक ऐसे पड़ाव पर पहुंच चुका है, जहां घरवालों के लिए सबसे जरूरी चीज ट्रॉफी हो चुकी है। सभी कंटेस्टेंट की नजर इस वक्त सिर्फ और सिर्फ बिग बॉस की चमचमाती ट्रॉफी पर है। एक तरफ का सही हिसाब रखना होगा। अगर कोई भी घरवाला 9 मिनट के समय का अचूक हिसाब रखने में कामयाब होता है, तो वह नॉमिनेशन से सुरक्षित हो जाएगा।बिग बॉस घरवालों के लिए कोई भी टास्क इतना आसान तो कर नहीं सकते, इसलिए उन्होंने




जहां घरवाले एक-दूसरे से टिकट टू फिनाले छीनने से बाज नहीं आ रहे हैं, तो वहीं अब नॉमिनेशन टास्क घरवालों के लिए और भी मुश्किले लाने वाला है। बिग बॉस के लास्ट हफ्ते के नॉमिनेशन टास्क में घरवालों को हर मिनट का हिसाब रखना पड़ेगा। हालांकि, हर बार की तरह नॉमिनेशन बिलकुल भी नहीं होगा।बिग बॉस के सीजन को खत्म होने में बस अब 2 हफ्ते बाकी हैं, ऐसे में घर में अब भी सात सदस्य बचे हुए हैं। हर हफ्ते की तरह इस बार भी घर में नॉमिनेशन टास्क हुआ। ये सीजन की आखिरी नॉमिनेशन प्रक्रिया है, इसलिए बिग बॉस ने घरवालों के सामने मुश्किल हालात खड़े करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज ऑन एयर होने वाले एपिसोड में बिग बॉस घरवालों का नॉमिनेशन टास्क टाइम बेस्ड होने वाला है। घरवालों के पास समय की सीमा 9 मिनट है और उसी समय को काउंट करते हुए 9 मिनट नॉमिनेशन के समय काउंट में अड़चन के लिए सिर्फ सोशल मीडिया का इस्तेमाल ही नहीं किया, बल्कि घर में खास मेहमान भी लेकर आए, जो अपनी बातों से निमृत के अलावा बचे हुए छह कंटेस्टेंट की टाइमिंग को बिगाड़ने के लिए पूरी कोशिश करते नजर आए। इस नॉमिनेशन टास्क में बिग बॉस ने डिजाइनर का पूरा साथ दिया और उन्होंने भी सोशल मीडिया पोस्ट दिखाकर घरवालों का ध्यान भटकाने की कोशिश की। हालांकि इस टाइम बेस्ड टास्क में कौन कितना सफल रहा, इसका खुलासा एपिसोड ऑन एयर पर होगा।बिग बॉस में टिकट टू फिनाले अब तक सिर्फ निमृत कौर अहलूवालिया को मिली है। प्रियंका चहर चौधरी के टास्क को रद्द करने के बाद बिग बॉस ने कार्य को खत्म नहीं किया, बल्कि सीधे तौर पर फिनाले रेस का पहला हकदार निमृत कौर अहलूवालिया को बना दिया।


# करण कुंद्रा ने लेडी लव तेजस्वी प्रकाश को बताया 'क्वीन' शेयर की रोमांटिक तस्वीर




(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री का फेमस कपल करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश सबके फेवरेट हैं। ये दोनों अपने काम के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में रहते हैं। दोनों के प्यार की कहानी बिग बॉस हाउस से शुरू हुई थी, तो अब तक बरकरार है। हाल ही में करण कुंद्रा ने अपनी लेडी लव संग सोशल मीडिया पर दो फोटो शेयर की है, जिसमे ये कपल रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहा है। एक्टर ने फोटो शेयर करके गर्लफ्रेंड को दो बड़े अचीवमेंट्स के लिए बधाई दी है। करण ने तेजस्वी को क्वीन कहा और बिग बॉस ट्रॉफी जीतने और नागिन 6 शो मिलने पर विश किया। दरअसल, बीते साल जनवरी में तेजस्वी प्रकाश को नागिन 6 में शो मिला था। वहीं एक्ट्रेस ने बिग बॉस 15 की ट्रॉफी भी जीती थी। ऐसे में अब करण ने उन्हें विश किया है। पोस्ट में एक्टर ने लिखा, मेरी रानी, आपके शासन के एक साल के लिए बधाई एक युग की जय-जयकार अभी तबता दें, बिग बॉस 15 में तेजस्वी और करण कुंद्रा की लव-स्टोरी की शुरुआत हुई थी। शो के शुरुआती दिनों में दोनों के बीच काफी झगड़ा देखने को मिला था, लेकिन धीरे-धीरे ये झगड़ा प्यार में बदल गया। सालों से दोनों का प्यार यूं ही बरकरार है। दोनों एक दूसरे के साथ काफी अच्छा वक्त गुजार रहे हैं। वहीं वर्क फ्रंट की बात करें तो तेजस्वी का शो नागिन 6 जल्द ही खत्म होने जा रहा है। करण कुंद्रा जल्द ही इश्क में घायल ऑन एयर होने वाला है।

# ऐश्वर्या राय बच्चन और विक्रम की फिल्म पर आया जरूरी अपडेट अप्रैल में होने वाली है रिलीज

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** मणि रत्नम की फिल्म पीएस-2 (पोन्नियिन सेल्वन) साल 2023 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल है। फिल्म के पहले भाग को पसंद करने वाले दूसरे भाग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब पीएस-2 को लेकर एक अहम माना गया है। उन्हें चोल राजवंश का वैभव दोबारा स्थापित करने के लिए याद किया जाता है। उनके शासनकाल में दक्षिण पूर्व एशिया और हिंद महासागर में चोल साम्राज्य की तूती बोलती थी। फिल्म के टिकटों की बिक्री अप्रैल में शुरू होगी। पीएस सीरीज में ऐश्वर्या राय





अपडेट सामने आया है, जिसके मुताबिक फिल्म दुनियाभर में आइमैक्स सिनेमाघरों में भी रिलीज होगी। आइमैक्स कॉरपोरेशन और लायका प्रोडक्शंस ने मंगलवार को इसका एलान किया। पीएस-2 सिनेमाघरों में 28 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। पोन्नियिन सेल्वन दक्षिण के चोल राजवंश की कहानी है। सम्राट राजा राजा चोल को दक्षिण का सबसे ताकतवर राजा बच्चन रानी नंदिनी के किरदार में हैं। फिल्म की कहानी में उनका किरदार काफी अहम है। विक्रम चोल साम्राज्य के युवराज आदित्य करिकलन के रोल में हैं। आदित्य और नंदिनी के बीच युवावस्था में प्रेम प्रसंग होता है, मगर दोनों की शादी नहीं हो पाती। नंदिनी की शादी जिस व्यक्ति से होती है, उसकी हत्या आदित्य के हाथों हो जाती है और नंदिनी उसी बदले की आग में जल रही है। पीएस-1 का क्लाइमैक्स ऐसे मोड़ पर आया है कि अब उसके दूसरे भाग का इंतजार है। दर्शक देखना चाहते हैं कि नंदिनी अपनी साजिश में सफल हो पाती है या नहीं? जयराम रवि के किरदार का नाम अरुलमोझी वर्मन है, जो आदित्य का भाई है। दूसरे भाग की कहानी इसी किरदार के इर्द-गिर्द घूमने वाली है। कार्ती, वल्लवराइयान वंठियाथेवन के किरदार में हैं, जो जासूस और आदित्य का विश्वासपात्र है। पहले भाग में कार्ती की भूमिका बेहद अहम थी। यही अकेला ऐसा किरदार था, जिसने सभी प्रमुख पात्रों के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर किया। त्रिशा चोल साम्राज्य की राजकुमारी और विक्रम की बहन कुंडवई देवी के रोल में हैं। प्रकाश राज चोल साम्राज्य के सम्राट सुंदर चोल के किरदार में हैं, जो आदित्य, अरुलमोझी और कुंडवई देवी के पिता हैं। पीएस-1 पिछले साल 30 सितम्बर को रिलीज हुई थी। फिल्म ने तमिल भाषा में अच्छा कारोबार किया था। हालांकि, हिंदी बेल्ट में भी कुछ खास धमाल नहीं मचा सकी। पीएस-1 ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर हिंदी में देखी जा सकती है। पीएस-2 की रिलीज डेट दिसम्बर में जारी की गयी थी और बताया गया था कि फिल्म 28 अप्रैल को सिनेमाघरों में आएगी।

# पवन सिंह को भूल शादी करने जा रही हैं अक्षरा सिंह, बैचलर पार्टी की तस्वीर हुई वायरल

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भोजपुरी इंडस्ट्री की सुपर हॉट एक्ट्रेस अक्षरा सिंह आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अक्षरा इंडस्ट्री की हाई पेड स्टार्स



में से एक हैं। अपने करियर में अक्षरा ने कई सुपरहिट भोजपुरी फिल्में दी हैं। अक्षरा प्रोफेशनल लाइफ के साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। एक वक्त अक्षर, पवन सिंह संग रिलेशनशिप और फिर उनके साथ ब्रेकअप को लेकर खूब चर्चा में रहीं। दोनों एक दूसरे का बिना लिए ही सोशल मीडिया पर तंज कसते नजर आते हैं। वहीं अब अक्षरा जल्द ही शादी के बंधन के बंधने जा रही हैं। सोशल मीडिया पर अक्षरा की बैचलर पार्टी की तस्वीर वायरल हो रही है। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला अक्षरा सिंह के बैचलर पार्टी की एक तस्वीर रंजन सिन्हा नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की गई है। इस तस्वीर में आप देख सकते हैं कि अक्षरा के साथ उनकी कई सहेलियां भी नजर आ रही हैं। इस दौरान अक्षरा और उनकी एक सहेली ने जहां लाइट ऑरेंज कलर का बाथरोब पहना है। वहीं बाकी लड़कियों डार्क पिंक कलर के बाथरोब में नजर आ रही हैं। सभी बेड पर डांस करती दिख रही हैं। पूरा कमरा गुब्बारों से सजा हुआ है। तस्वीर में सभी बेहद खुश दिखाई दे रही हैं। इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा गया है, 'ये है प्रख्यात अभिनेत्री अक्षरा सिंह की बैचलर पार्टी, इशारा।हालांकि, अभी तक शादी और इसकी तारीख को लेकर कोई ऑफिशियली खुलासा नहीं हुआ है।

# फेमस भोजपुरी एक्ट्रेस ने खुलकर कहा का लगता है पटा लोगे, 12 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है वीडियो

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भोजपुरी इंडस्ट्री की एक्ट्रेस और सिंगर स्नेहा उपाध्याय



की फैन फॉलोइंग काफी जबरदस्त है। 'हैलो कौन' फेम स्नेहा न सिर्फ अपने गानों बल्कि अपनी खूबसूरती के चलते भी दर्शकों के दिलों पर राज करती हैं। स्नेहा के भोजपुरी और हिंदी दोनों ही गानों को दर्शक बेहद पसंद करते हैं। उनके कई गाने ऐसे हैं जो रिलीज होते ही मिलियन व्यूज लेकर आए हैं। इसी बीच स्नेहा का एक रील इंस्टाग्राम पर छाया हुआ है। उनका ये रील दर्शकों के बीच इतना ज्यादा पसंद किया जा रहा हैं कि अबत इसे करोड़ों लोग देख चुके हैं। स्नेहा उपाध्याय ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर किया है। इस वीडियो को भोजपुरी एक्ट्रेस स्नेह उपाध्याय ने बनाया है। स्नेहा गाना 'क्या लगता है पटा लोगे पर वह लीपसिंग कर रही हैं। इस वीडियो को स्नेहा ने 27 जनवरी को शेयर किया था, लेकिन जल्द ही यह सोशल मीडिया पर छा गया। वीडियो पर 10 लाख से ज्यादा लाइक्स आए हैं और करीब 7 हजार लोगों ने कमेंट्स किए हैं। वहीं, अब तक इसके 12 मिलियन से ज्यादा लोग देख चुके हैं। वीडियो को शेयर करते हुए स्नेह ने लिखा, 'क्या लगता है पटा लोगे' इस दौरान स्नेहा लिपसिंग करते हुए कहती हैं, 'तुमको का लगता है पटा लोगेष्ठ पटना के लइकी पटेगी नहीं, दिल्ली की दिल बेटा देगी नहीं, आरा के लइकी आर-पार कर देगी, दिलवा पे धांय-धांय वार कर देगी। छपरा की लइकी तो फाड़ डालेगी। भरी जवानी अचार डालेगी... समझे।' इस गाने के लिरिक्स इस वक्त हर किसी के जुबान पर छाया हुए हैं। स्नेहा उपाध्याय के इस वीडियो पर फैंस के मजेदार कमेंट्स आ रहे हैं। इस पर कमेंट कर एक यूजर ने लिखा, 'यूपी की लड़की तो उड़ा देगी।' एक फैन लिखती हैं, 'दिल्ली वाली क्या करेगी मैं दिल्ली से हूं।' वहीं निराश होते हुए एक यूजर ने लिखा, 'महाराष्ट्रियन के लिए तो कुछ कहा ही नहीं ये तो बहुत नाइंसाफी है हमारे साथ।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

**नोटः-** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।